Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com || दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित




दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874




वर्षः 6 अंकः 91 | गुरूवार, 03 अप्रैल-2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

**वक्फ संशोधन बिल पारित**

- विपक्षी सांसदों के संशोधन खारिज, सरकार बोली- यह इस्लाम विरोधी नहीं
- शाह ने कहा, यह पैसा जो चोरी होता है, उसे पकड़ने का काम वक्फ बोर्ड करेगा

# लोकसभा में पास हुआ वक्फ बिल

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह वक्फ पर प्रस्तावित कानून नहीं मानने की धमकी दे रहा, लेकिन यह संसद द्वारा पारित किया गया कानून होगा और इसे सभी को स्वीकार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए यह डर फैलाया जा रहा है कि वक्फ विधेयक मुसलमानों के धार्मिक मामलों और उनके द्वारा दान की गई संपत्तियों में दखल है। लोकसभा में आधी रात को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित कर दिया गया।

वक्फ (संशोधन) विधेयक के पक्ष में 288 वोट पड़े। इसके खिलाफ 232 वोट पड़े। मोदी सरकार के लिए यह बड़ी परीक्षा थी। एनडीए ने इस बिल के पक्ष में पूरी तरह से एकजुटता दिखाई। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह बिल मुस्लिम, इस्लाम विरोधी नहीं है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह वक्फ पर प्रस्तावित कानून नहीं मानने की धमकी दे रहा, लेकिन यह संसद द्वारा पारित किया गया कानून होगा और इसे सभी को स्वीकार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए यह डर फैलाया जा रहा है कि वक्फ विधेयक मुसलमानों के धार्मिक मामलों और उनके द्वारा दान की गई संपत्तियों में दखल है। विपक्षी सांसदों के सभी संशोधन खारिज कर दिए गए। चर्चा का जवाब देते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं सभी नेताओं को बिल के बारे में अपने विचार रखने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। कुछ नेता कह रहे हैं कि बिल असंवैधानिक है, और मैं उनसे पूछना चाहता हूँ कि वे कैसे कह सकते हैं कि बिल असंवैधानिक है। अगर यह असंवैधानिक था, तो कोर्ट ने इसे रद्द क्यों नहीं किया? असंवैधानिक जैसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए... बिल संविधान के खिलाफ नहीं है, जैसा कि विपक्ष ने दावा किया है। हमें संवैधानिक और असंवैधानिक शब्दों का इस्तेमाल इतने हल्के ढंग से नहीं करना चाहिए।

**232** विरोध में

**288** समर्थन में

**2025** पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि इसके कानून का रूप लेने के बाद इसे पूर्व प्रभाव से लागू नहीं किया जाएगा



## 'कानून सबको स्वीकार करना पड़ेगा':अमित शाह

**नई दिल्ली।**

अमित शाह ने कहा कि धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन में किसी गैर-मुस्लिम को शामिल करने का कोई प्रावधान नहीं है, हम ऐसा नहीं करना चाहते। यह बहुत बड़ी भ्रांति है कि यह कानून मुसलमानों के धार्मिक आचरण में हस्तक्षेप करेगा और उनके द्वारा दान की गई संपत्ति में हस्तक्षेप करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में कहा कि मैं अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी द्वारा पेश किए गए वक्फ विधेयक का पूर्ण समर्थन करता हूं।



इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि एक सांसद ने पहले धमकी दी थी कि अल्पसंख्यक इस कानून को स्वीकार नहीं करेंगे; यह भारत सरकार का, संसद का कानून है, सभी को इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ परिषदों और बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल किया गया है; ये निकाय पूरी तरह से घोषित उद्देश्यों के अनुसार संपत्तियों का प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए हैं। अमित शाह ने दावा किया कि अगर 2013 में वक्फ में संशोधन नहीं किया गया होता तो इस (संशोधन विधेयक) विधेयक की जरूरत ही नहीं पड़ती। सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन 2014 में चुनाव हुए और 2013 में रातों-रात तुष्टीकरण के लिए वक्फ अधिनियम में बदलाव कर दिया गया।

## लोकसभा में रात दो बजे मणिपुर पर चर्चा

**नई दिल्ली।** मणिपुर के मामले में संसद में चर्चा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार आधी रात के बाद लोकसभा में रात करीब दो बजे प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष ने आधी रात चर्चा के औचित्य पर सवाल खड़े किए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि चर्चा की जा सकती है। स्पीकर के निर्देश पर चर्चा की शुरूआत कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने की। भारत के संसदीय इतिहास में आज एक दुर्लभ मौका आया जब लोकसभा से वक्फ विधेयक पारित होने के बाद रात दो बजे संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने सदन की कार्यवाही जारी रखने की अपील की।

## असदुद्दीन ओवैसी ने फाड़ा वक्फ संशोधन विधेयक, कहा- इसका मकसद मुसलमानों को जलील करना

**नई दिल्ली।**

हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक को फाड़कर इसका विरोध किया। उन्होंने इसे मुसलमानों के ईमान पर हमला करार दिया और कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने मुसलमानों के खिलाफ जंग का एलान कर दिया है।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह अनुच्छेद 25,



26 का उल्लंघन है। ओवैसी ने आगे कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के साथ अन्याय है। विधेयक पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि इसका मकसद मुसलमानों को जलील करना है। मैं गांधी की तरह इस विधेयक को फाड़ता हूं। ओवैसी ने कहा, यह विधेयक भारत के मुसलमानों को ईमान और इबादत पर हमला है। (पीएम) नरेंद्र मोदी की हुकूमत ने इस देश के अल्पसंख्यकों के खिलाफ जंग का एलान कर दिया है। यह जंग न सिर्फ मेरे शरीर पर है, बल्कि मेरी आजादी, मेरी सामाजिक और आर्थिक स्थिति, मेरी शहरीयत पर है। मेरे मदरसों-मस्जिदों और दरगाहों को निशाना बनाया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गाजियाबाद आगमन पर कई सड़क मार्ग बंद रहे, जाम से कई घंटे जनता रही हलकान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद बुधवार प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ नेहरूनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में संघ और भाजपा की समन्वय बैठक में भाग लेने आये। वे लखनऊ ?से यहां हिंडन एयरपोर्ट हेलीकाप्टर से पहुंचे और मुख्यमंत्री का काफिला हिंडन से कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग ?से नेहरूनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल करीब ग्यारह बजे पहुंचा। मुख्यमंत्री के काफिले के कारण यातायात पुलिस ने कई ?मार्गो को बंद कर दिया था और इन सड़क मार्गो ?से चलने वाले यातायात का मार्ग ?परिवर्तित करने से महानगर की कई सड़कों पर भंयकर जाम लग गया। गर्मी व जाम के कारण लोग सड़को पर त्राहिमाम त्राहिमाम करते नजर आये। ?मुख्यमंत्री का महानगर आगमन पर गाजियाबाद की जनता को जहां कई घंटे तक जाम की स्थिति को झेलना पड़ा, वहां मुख्यमंत्री के हिंडन एयरपोर्ट से लेकर

सरस्वती शिशु मंदिर के आसपास की दुकानों को भी मुख्यमंत्री की सुरक्षा का हवाला देते हुए ?बंद करवा दिया गया था।

बता दे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला बुधवार को कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच हिंडन एयर पोर्ट से राजनगर एक्सटेंशन के रास्ते हापुड़ चुंगी होते हुए होली चाईल्ड चौराहे से काफिले को निकाला गया और बैठक समाप्त होने के बाद इसी मार्ग से उन्हें वापस हिंडन एयरपोर्ट पहुंचाया गया। इस कारण मेरठ रोड, हापुड़ रोड, अम्बेड़कर रोड़, होली चाइल्ड चौराह आदि पर जाम की स्थिति बनी रही। ?मुख्यमंत्री की महानगर में आगमन से शहर के कई ?रूट पर



भयंकर जाम को झेलना पड़ा। ?मुख्यमंत्री का काफिला हिंडन से कार्यक्रम स्थल पर बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे पहुंचा। काफिला निकलने के दौरान रास्ते बंद कर दिए गए। जिससे लोगों को अपनी-अपनी मंजिल पर जाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों को मुख्य मार्गों की बजाए वैकल्पिक रास्तों से निकलना पड़ा। दोपहर में मुख्यमंत्री के वापस लौटने के दौरान तेज धूप में लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से चले जाने बाद भी काफी देर तक किसी को कोई ?अपडेट जानकारी नहीं देने से मुख्यमंत्री के आगमन व वासपी रूट को बंद ही रखा गया। जिससे लोगों को कड़ी धूप में परेशान होना पड़ा। जाम व लोगों की परेशानी को देखते हुए करीब पौन घंटे बाद रास्तों को खोला गया और इसके बाद ?भी यातायात सामान्य होने में काफी समय लग गया। ? इस सप्ताह के अंत में मुख्यमंत्री फिर आ सकते हैं। इसलिए गाजियाबाद वासियों को चेतावनी दी जाती है कि वे फिर से भंयकरजाम झेलने के लिए ?तैयार रहें।

### जिम्मेदार कौन

- यातायात पुलिस के कई सड़क मार्गबंद करके रुट डायवर्जनकिया गया
- रुट डायवर्जनकी जानकारी न होने पर हजारों वाहन चालक व आम लोग रहे हलकान
- यातायात का मार्गबदलने से जाम में फंसे लोगो को गर्मी की मार भी झेलने को मजबूर हुए लोग
- मुख्यमंत्री काफिले का आने से लेकर जाने तक कई घंटे तक सड़क मार्ग बंद रहने से महानगरवासी त्राहिमाम–त्राहिमाम करते दिखे
- इस सप्ताह के अंत में फिर आ सकते हैं मुख्यमंत्री, जाम झेलने के लिए गाजियाबाद वासी रहें तैयार

## संपादक की कलम से

# वक्फ का नया वक्त


ललित शर्मा
संपादक

व वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पेश कर दिया गया। उसका पारित होना लगभग तय है। विपक्ष में जो दल मान रहे थे कि तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी), जनता दल-यू, एलजेपी (रामविलास) और रालोद सरीखे धर्मनिरपेक्ष दल भाजपा के वक्फवादी एजेंडे को रोक सकते हैं, वे अब निराश होंगे, क्योंकि इन दलों ने वक्फ बिल पर भाजपा को समर्थन देने की घोषणाएं की हैं। चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, चिराग पासवान आदि ने जो संशोधन दिए थे, मोदी सरकार ने उन्हें बिल में समाहित कर लिया है। इस बिल के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बहुमत का शक्ति-परीक्षण भी साबित कर दिया है। साथ में धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा भी बदल दी है। चूंकि भाजपा के इन सहयोगी दलों का अच्छा-खासा मुस्लिम जनाधार है, फिर भी उन्होंने वक्फ बिल पर मोदी सरकार को समर्थन दिया है। मुसलमानों का समर्थन लेना और उन्हें समर्थन देना ही धर्मनिरपेक्षता नहीं है। अब भाजपा-समर्थक भी धर्मनिरपेक्ष हैं। वक्फ बिल के संदर्भ में यह गौरतलब तथ्य है कि 2013 में कांग्रेस और भाजपा ने संसद में कुछ संशोधन पारित कराए थे। किसी भी दल ने वक्फ कानून में उन संशोधनों का विरोध नहीं किया था। तब भाजपा की ओर से शाहनवाज हुसैन और मुख्तार अब्बास नकवी सरीखे सांसदों ने संशोधनों का सत्यापन भी किया था। 2019 तक वक्फ की तमाम संपत्तियों का जब डिजिटलीकरण किया गया, तब भी भाजपा का सहयोग रहा। 2013 में केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी और ऑनलाइन रिकॉर्ड बनाने के दौरान मोदी सरकार थी। वक्फ कानून 1954 में बना, लेकिन 1955 और 1995 में भी संशोधन पारित किए गए। हर बार केंद्र में कांग्रेस सरकार थी। अब मौजू सवाल यह है कि वक्फ कानून का पुराना वक्त खत्म क्यों माना जा रहा है और नए वक्त की जरूरत क्या और क्यों है? करीब 9.4 लाख एकड़ जमीन और 8.72 लाख संपत्तियों के मालिक वक्फ बोर्ड की कानूनन जवाबदेही और पारदर्शिता अनिवार्य है। इतनी व्यापक मिल्कीयत बेहिसाबी नहीं रखी जा सकती। यही संवैधानिक स्थिति है। ओवैसी सरीखे मुस्लिम सांसद और असंख्य मौलाना, मुफ्ती प्रस्तावित बिल की जो व्याख्या करते आ रहे हैं, वह कमोबेश भारत में संभव नहीं है। किसी भी समुदाय के मौलिक अधिकारों पर कोई प्रहार नहीं किया जा सकता। यही भ्रम नागरिकता संशोधन बिल के दौरान भी फैलाया गया था। क्या किसी एक भी भारतीय मुसलमान की नागरिकता छिनी या उन्हें हिरासत-केंद्र में कैद किया गया? ओवैसी की जमात इन सवालों पर खामोश रहती है। दरअसल वक्फ बोर्ड किसी भी संदर्भ में निरंकुश नहीं हो सकता। किसी भी संपत्ति पर वह उंगली रख दे, वह वक्फ बोर्ड की नहीं हो सकती। संशोधन बिल में धर्मपरिवर्तन सरीखे प्रावधान भी जोड़े गए हैं। यदि किसी को मुसलमान बने अथवा इस्लाम धर्म कबूल किए 5 साल नहीं हुए हैं, तो वह अपनी संपत्ति वक्फ, यानी अल्लाह के नाम दान, नहीं कर सकेगा। इससे धर्मपरिवर्तन की स्थिति भी साबित हो सकेगी। यह भी कानूनी मामला है। किसी शख्स के नाम पंजीकृत जमीन को ही वक्फ किया जा सकता है। सबसे अहम बदलाव यह होगा कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों और उनके खातों का ऑडिट भी होगा। यह केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकार-क्षेत्र में होगा। यह साफ करना जरूरी है कि वक्फ बोर्ड धार्मिक नहीं, प्रशासनिक निकाय है। संसद संशोधन कर सकती है।

# बिहार चुनाव तो नीतीशकुमार के नेतृत्व में लड़ा जायेगा पर आगे क्या होगा ?

*अमित शाह ने अपने बिहार के दौरे में एक बात तो स्पष्ट कर दी कि चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। पर यह बात कि चुनाव जीतने के बाद सीएम भी उन्हें ही बनाया जाएगा इस पर प्रकाश नहीं डाला। हालांकि पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम मे गृहमंत्री ने कहा कि 2025 में बिहार में मोदी जी और नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनाइये और भारत सरकार को बिहार के विकास का एक और मौका दीजिए। शाह ने यह भी कहा कि बिहार को बदलने में नीतीश कुमार की अहम भूमिका रही है।*


अशोक भाटिया

शाह की इन बातों की सीधा अर्थ है कि नीतीश को किनारे लगाने के बारे में नहीं सोचा जा रहा है। दूसरे शब्दों में नीतीश के नाम पर कोई विवाद नहीं है। पर मोदी जी और नीतीश जी दोनों का नाम लेने और दूसरे खुलकर यह न कहने कि चुनाव जीतने पर नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनेगी, लोगों में संदेह बरकरार रह गया। हालांकि मोदी का नाम पीएम होने के नाते लेने का कोई दूसरा अर्थ नहीं लगाना चाहिए। पर राजनीति संभावनाओं का खेल है इसलिए हर बात के कई अर्थ निकाले जाते हैं। वैसे बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार के दो उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और पार्टी विधायकों और सांसदों की बैठक में अमित शाह ने घोषणा की कि चुनाव काल में नीतीश कुमार एनडीए के कप्तान होंगे। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार पिछले 20 सालों से राज्य के मुख्यमंत्री हैं और भाजपा और लोक जनशक्ति पार्टी चुनाव से पहले उनका 100 फीसदी समर्थन करना मजबूरी रही हैं। भाजपा को बिहार की राजनीति में फिर से नीतीश कुमार का चेहरा आगे करना होगा। राज्य में हुए 2020 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने वास्तव में जीत हासिल की थी। भाजपा ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 110 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 74 विधायक चुने थे। जनता दल (यूनाइटेड) ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा और केवल 43 विधायक जीते। महाराष्ट्र की तरह भाजपा पटना में भी मुख्यमंत्री पद के लिए दावा कर सकती थी, लेकिन भाजपा ने उदारता से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद दे दिया, जिनके पास कम विधायक हैं। इस घटना को पांच साल हो चुके हैं। विधानसभा चुनाव के बाद पहले से ही इस बात को लेकर तर्क दिए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार को महाराष्ट्र की तरह एकनाथ शिंदे जैसी भूमिका निभानी होगी या नहीं। जिस तरह महाराष्ट्र में भाजपा ने पूरे चुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को नेता बनाए रखा कुछ लगता है उसी तर्ज पर बिहार में चुनाव लड़ने के मूड में है पार्टी। आपको याद होगा महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान एक बार एक स्टेज पर देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे एक साथ बैठे हुए थे। पत्रकारों ने फडणवीस से पूछा कि चुनाव परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री कौन बनेगा। तो फडणवीस ने एकनाथ शिंदे की ओर इशारा करके कहा था हमारे मुख्यमंत्री तो यहीं हैं। पर परिणाम आने के बाद ऐसा हुआ नहीं। एकनाथ शिंदे अपना रोना लेकर रोते रहे पर पार्टी को कोई असर नहीं पड़ा। अंत में एकनाथ शिंदे डिप्टी मुख्यमंत्री बनने को तैयार हो गए। आज की तारीख में भाजपा बिहार में शायद इसी रणनीति पर काम कर रही है। चुनाव परिणाम आने के बाद नीतीश कुमार डिप्टी मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, पर हो सकता है कि नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को डिप्टी मुख्यमंत्री बनाया जाए। पार्टी चाहती है कि चुनाव में सभी लोग एकजुट होकर मेहनत करें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नीतीश की बढ़ती उम्र और उनकी तबीयत की चिंता को भाजपा समझ रही है। भाजपा ये मान कर भी चलती है कि नीतीश की इस स्थिति का फायदा विपक्ष हर हाल में उठाना चाहेगा। ऐसी स्थिति में भाजपा अगर खुलकर नीतीश कुमार को नेता मान लेती है तो इसमें पार्टी का कई तरह से नुकसान हो सकता है। नीतीश के मुख्यमंत्री कैंडिडेट घोषित करते ही भाजपा के समर्थक और कार्यकर्ता निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसी दशा में वे ढीले पड़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में जो नीतीश के नेतृत्व से नाराज भाजपा के वोटर हैं वो सीधे-सीधे प्रशांत किशोर की ओर मूव कर सकते हैं। हालांकि भाजपा के लिए यह भी फायदेमंद सौदा ही है। भाजपा ये चाहती है कि एंटी इंकंबेंसी वाले वोट किसी भी सूरत में पूरे के पूरे आरजेडी की ओर न जाए। दिल्ली में यही रणनीति आम आदमी पार्टी ने अपनाई थी। इसलिए कांग्रेस के साथ आप ने समझौता नहीं किया। वहां भी यही तर्क था आम आदमी पार्टी से नाराज वोटर्स भाजपा की ओर पूरी तरह न जाएं इसके लिए कांग्रेस के रूप जनता के सामने एक और विकल्प होने से पार्टी को फायदा होगा। ठीक उसी तरह भाजपा बिहार में भी सोच रही है। शायद यही कारण है कि प्रशांत किशोर को लेकर भाजपा परेशान नहीं है। पिछली बार की तरह, वे बिहार चुनावों में पुराने दल ही एक-दूसरे के राजनीतिक दुश्मन हैं। एक तरफ, भाजपा, जेडी (यू), चिराग पासवान की लोक जनशक्ति और जीतन राम मांझी की एचयूएम और दूसरी तरफ, राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और महागठबंधन के छोटे दल होंगे। जाति वोट बैंक और सीट बंटवारा दोनों पक्षों के प्रमुख मुद्दे हैं। यह राजद और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का एक बड़ा परीक्षण है। इन दोनों चुनावों में, बिहार के मतदाताओं ने भाजपा-जनता दल (यू) को एक बड़ा झुकाव दिया। लोकसभा चुनावों में, एनडीए के सांसद 40 में से 30 से अधिक सीटों पर चुने गए। बाद के उपचुनावों में महागठबंधन में मतभेद और दरार भी देखी गई। लालू यादव ने राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव को पूर्णिमा निर्वाचन क्षेत्र की सीट छोड़ने से इनकार कर दिया। जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार लगातार विवादों में फंसे हुए हैं। यह सर्वविदित है कि वे भाजपा विरोधी हैं। वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (उढक) की छात्र शाखा, अकअरत्र्र से उढक में शामिल हुए, और बेगुलसराय से उढक उम्मीदवार के रूप में 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। वह 2024 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें बिहार से मैदान में उतारने का फैसला किया था, लेकिन लालू यादव ने कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी का विरोध किया, इसलिए कांग्रेस ने उन्हें उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से मैदान में उतारा। वहां भी उसे हार का सामना करना पड़ा। कन्हैया कुमार ने हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार किया, लेकिन 70 सदस्यीय विधानसभा में एक भी सीट नहीं जीत सके। अब कांग्रेस पार्टी ने इस नाकाम कन्हैया कुमार को बिहार विधानसभा में सक्रिय करने का फैसला किया है। कन्हैया कुमार वर्तमान में बिहार में ठरवक के चल रहे 'पालन रोको, नौकरी दो' अभियान में सक्रिय हैं। कांग्रेस ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जिम्मेदारी दलित विधायक राजेश कुमार को सौंपी है। महागठबंधन में कोई अन्य नेता नहीं होना चाहिए जो अपने बेटे तेजस्वी यादव को चुनौती दे सके, जो मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं।

लालू यादव इस तरह की सावधानी बरतते दिख रहे हैं। बिहार में सवर्ण या सवर्ण मतदाताओं की संख्या नगण्य है। यही कारण है कि दलितों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों यानी मुस्लिम वोट बैंक में सभी राजनीतिक दलों का बोलबाला है। मुस्लिम मतदाताओं को भाजपा के खिलाफ माना जाता है, फिर भी इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा को कुछ मुस्लिम वोट मिले हैं। नीतीश कुमार पिछड़ी जाति से आते हैं। वे दो दशकों से अधिक समय से मुख्यमंत्री हैं लेकिन उन पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगाया गया है। भारी विरोध के बावजूद, उन्होंने राज्य में शराब पर प्रतिबंध लगा दिया।

## डिकेश दिवाकर



### प्रेम संदेश

कविता

लिखा प्रेम संदेश, प्रिये आँखों से पढ़ना ।
हृदय भाषिका अर्थ,तुम्हें है देख समझना ।।
मन की बात डिकेश, कहे कैसे बतलाओ ।
रहता मन भयभीत,कहीं तुम रूठ न जाओ ।।

भेजा जो संदेश, प्रेम स्वीकृति का तुमने ।
सुनकर हुआ प्रफुल्ल,लगा मैं सपने बुनने ।।
देखे झाँक चकोर, मारते ताने रहता ।
देख देखकर चित्र,रात ये जागा करता ।।

मैंने कहा चकोर,जरा तुम सुनते जाओ ।
नहीं रहा क्या प्रेम,चाँदनी से बतलाओ ।।
बादल लेता घेर,चाँद छिप जाता जब है ।
होकर तू बेचैन, बहुत घबराता तब है ।।

दिखे नहीं तो सोच,प्रेयसी कैसे लगता ।
रात चाँदनी व्योम, देखकर आँहें भरता ।।
मेरा तू संदेश, प्रियतमा से जा कहना ।
बड़ा हुआ दुश्वार,बिना उसके अब रहना ।।

# क्या एनडीए जेईई से ज्यादा कठिन है?


विजय गर्ग

यह उन छात्रों के बीच एक सामान्य प्रश्न है जो राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के माध्यम से भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने या संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) जैसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों को आगे बढ़ाने की इच्छा रखते हैं। जबकि दोनों परीक्षाएं अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हैं और कठोर तैयारी की मांग करते हैं, वे पूरी तरह से अलग कौशल सेट और दृष्टिकोण का आकलन करते हैं। जब भारत में इच्छुक छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के महत्वपूर्ण चरण में पहुंचते हैं, तो वे अक्सर प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) परीक्षा या संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के चुनौतीपूर्ण विकल्पों का सामना करते हैं। इन दोनों परीक्षाओं में से कौन सी एक बड़ी चुनौती है, यह बहस चल रही है और बहुआयामी है, पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न, प्रतियोगिता के स्तर और चयन प्रक्रियाओं की कठोरता जैसे विभिन्न कारकों पर आकस्मिक है। जबकि दोनों रास्ते महत्वपूर्ण महत्व रखते हैं और सफलता के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करते हैं, उनकी बारीकियों की गहन परीक्षा दोनों के बीच कठिनाई में गहन अंतर को इंगित करती है। 1954 में स्थापित एनडीए परीक्षा को भारतीय सशस्त्र बलों में नेतृत्व भूमिकाओं के लिए कैडेट तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया था। यह न केवल भविष्य के सैन्य नेताओं को संवारने में, बल्कि अनुशासन, रणनीति और टीम वर्क की भावना को बढ़ावा देने में भी एक अनूठा महत्व है। दूसरी ओर, जेईई को भारत में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी शिक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ दिमाग का चयन करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी परीक्षा के रूप में पेश किया गया था। आईआईटी ने अपने कठोर शैक्षणिक मानकों और अनुसंधान और नवाचार में योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है। इन परीक्षाओं का विकास रक्षा और प्रौद्योगिकी दोनों में उत्कृष्टता की भारत की खोज का प्रतीक है, जिससे लाखों छात्र प्रभावित होते हैं और देश के भविष्य को आकार देते हैं। कठिनाई स्तर एनडीए परीक्षा एनडीए परीक्षा को अक्सर मुश्किल माना जाता है, लेकिन जेईई की गहराई और उन्नत अवधारणाओं की चौड़ाई की तुलना में इसकी जटिलता है। जबकि उम्मीदवारों को विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला में ज्ञान प्रदर्शित करना चाहिए, प्रारूप को समयबद्ध परिस्थितियों में जटिल समस्याओं को हल करने की क्षमता के बजाय मुख्य समझ का आकलन करने के लिए डिजाइन किया गया है। कई लोग तर्क दे सकते हैं कि एनडीए चयन प्रक्रिया में शारीरिक मूल्यांकन और मनोवैज्ञानिक आकलन कठिनाई की परतें जोड़ते हैं, फिर भी लिखित परीक्षा स्वयं उतना गहरा नहीं है जितना कि जेईई करता है। जेईई परीक्षा इसके विपरीत, जेईई, विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड, विकट चुनौतियां प्रस्तुत करता है। प्रश्न न केवल उच्च स्तर की समझ की मांग करते हैं, बल्कि असाधारण विश्लेषणात्मक क्षमता और समय प्रबंधन की भी आवश्यकता होती है। कई समस्याओं में कई कदम और जटिल समाधान हो सकते हैं, जो उम्मीदवारों को उनकी सीमा तक धकेलते हैं। सांख्यिकीय विश्लेषण बताते हैं कि कई उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए उन्नत अवधारणाओं में महारत हासिल करने के लिए वर्षों की तैयारी करते हैं, यह प्रदर्शित करते हुए कि जेईई को अक्सर एनडीए की तुलना में अधिक बौद्धिक रूप से मांग माना जाता है। प्रतियोगिता और चयन अनुपात एनडीए परीक्षा आवेदक पूलः एनडीए परीक्षा के लिए मोटे तौर पर 2.5 लाख छात्र पंजीकरण करते हैं। चयनित उम्मीदवारः लगभग 300-400 उम्मीदवारों को भर्ती किया जाता है,

# नवरात्रि का छठा दिन मां कात्यायनी की पूजा

## मां कात्यायनी की पूजा का शुभ मुहूर्त, विधि, मंत्र भोग और आरती

नवरात्रि का 6वां दिन मां कात्यायनी को समर्पित होता है। माता इस रूप में भक्तों को शत्रुओं पर विजय प्राप्ति का वरदान देती है। माना जाता है कि देवी दुर्गा की छठी शक्ति मां कात्यायनी का जन्म महर्षि कात्यायन के घर हुआ था, इसलिए इनका नाम कात्यायनी पड़ा। शीघ्र विवाह, वैवाहिक जीवन में खुशहाली और दुश्मनों पर विजय पाने के लिए मां कात्यायनी की पूजा अचूक मानी जाती है। मां कात्यायनी पूरे ब्रजमंडल की अधिष्ठदात्री देवी हैं। इनके आशीर्वाद से भक्त को मनचाहा

### मां कात्यायनी की पूजा विधि

नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा करने के लिए सुबह उठकर स्नान करने के बाद पूजा स्थल की साफ–सफाई करें। इसके बाद कलश की पूजा करने के बाद हाथ में पुष्प लेकर मां दुर्गा और मां कात्यायनी की ध्यान कर पुष्प मां के चरणों में अर्पित करें। इसके बाद माता को अक्षत, कुमकुम, पुष्प और सोलह श्रृंगार अर्पित करें। उसके बाद मां कात्यायनी को उनका प्रिय भोग शहद, मिठाई अर्पित करें। मां को जल अर्पित कर दुर्गा चलिसा और दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।



### मां कात्यायनी के मंत्र जाप

पहला मंत्र
सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते ।।

दूसरा मंत्र
ऊं क्लीं कात्यायनी महामाया महायोगिन्य घीश्वरी
नन्द गोप सुतं देवि पतिं मे कुरुते नम:।।

तीसरा मंत्र
पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्त अनुसारिणीम्।
तारिणीं दुर्ग संसार सागरस्य कुलोद्भवाम्।।

### मां कात्यायनी का ध्यान मंत्र

वन्दे वाञ्छित मनोरथार्थ चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
सिंहारूढा चतुर्भुजा कात्यायनी यशस्विनीम्।।

स्वर्णवर्णा आज्ञाचक्र स्थिताम् षष्ठम दुर्गा त्रिनेत्राम्।
वराभीत करां षगपदधरां कात्यायनसुतां भजामि।।

पटाम्बर परिधानां स्मेरमुखी नानाल□ार भूषिताम्।
मञ्जीर, हार, केयूर, किं□णि, रत्नकुण्डल मण्डिताम्।।

प्रसन्नवदना पल्लवाधरां कान्त कपोलाम् तुगम् कुचाम्।
कमनीयां लावण्यां त्रिवलीविभूषित निम्न नाभिम्।।

### मां कात्यायनी की आरती

जय जय अम्बे जय कात्यायनी।
जय जग माता जग की महारानी।।
बैजनाथ स्थान तुम्हारा।
वहावर दाती नाम पुकारा।।
कई नाम है कई धाम है।
यह स्थान भी तो सुखधाम है।।
हर मन्दिर में ज्योत तुम्हारी।
कही योगेश्वरी महिमा न्यारी।।
हर जगह उत्सव होते रहते।
हर मन्दिर में भगत है कहते।।
कत्यानी रक्षक काया की।
ग्रंथि काटे मोह माया की।।
झूठे मोह से छुडाने वाली।
अपना नाम जपाने वाली।।
बृहस्पतिवार को पूजा करिए।
ध्यान कात्यानी का धरिये।।
हर संकट को दूर करेगी।
भंडारे भरपूर करेगी।।
जो भी माँ को भक्त पुकारे।
कात्यायनी सब कष्ट निवारे।।

### स्कंदमाता की पूजा का महत्व

मान्यता है कि नवरात्रि के पांचवे दिन स्कंदमाता की पूजा करने से जिन लोगों को संतान प्राप्ति में बाधा आ रही हो, उनकी इच्छा माता पूरी करती हैं। आदिशक्ति का यह स्वरूप संतान प्राप्ति की कामना पूर्ण करनेवाला माना गया है। स्कंदमाता की पूजा में कुमार कार्तिकेय का होना जरूरी माना गया है। मां की कृपा से बुद्धि का विकास होता है और ज्ञान का आशीर्वाद प्राप्त होता है।पारिवारिक शांति की बनी रहती है।

### मां कात्यायनी का भोग

मां कात्यायनी की पूजा में देवी को शहद या फिर शहद से बने हलवे का भोग लगाएं। धार्मिक मान्यता है इससे सौंदर्य में निखार आता है। वैवाहिक जीवन में मिठास आती है और साथ ही धन–संपत्ति में बढ़ोतरी होती है।

### मां कात्यायनी प्रिय रंग

मां दुर्गा के छठवें स्वरुप मां कात्यायनी का प्रिय रंग लाल है। यह रंग साहस और शक्ति प्रतिनिधित्व करता है। इस दिन लाल रंग धारण करना बेहद शुभ माना जाता है।

### मां कात्यायनी की पूजा का शुभ मुहूर्त

■ वैदिक पंचांग के अनुसार, मां कात्यायनी की पूजा करने के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 40 मिनट से लेकर 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। इस मुहूर्त में पूजा करना शुभ रहेगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पेट्रोल पंप पर जमकर हुई मारपीट 4 घायल, 9 पर हुई एफआईआर

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** पेट्रोल पंप पर कार में पहले सीएनजी० भरवाने को लेकर हुए विवाद में 2 गुटों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट की वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी० कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की क्रॉस एफआईआर दर्ज की है। दोनों पक्षों के 4 लोग घायल हुए है। वही 9 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। कार में सीएनजी पहले डलवाने को लेकर मारपीट हुई मारपीट में क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है। आईपी० डिग्री कॉलेज के निकट स्थित पेट्रोल पंप पर सीएनजी गैस डलवाने के दौरान हुए विवाद में दो कारों में सवार युवकों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान वैगन आर० कार सवार कार में से डंडे निकाल लाए दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई तथा डंडे धारियों ने दूसरे पक्ष के लोगों को दौड़ा- दौड़ा कर पीटा। पंप पर कर्मचारी और अन्य लोग घटना को मूक दर्शक हो कर देखते रहे तो कुछ लोग वीडियो बनाते रहे। किसी ने भी दोनों पक्षों के बीच हो रहे संघर्ष को रोकने का प्रयास नहीं किया। इस घटना में एक गुट के खैरपुर निवासी संजय और विशाल घायल हुए है। संजय ने सोनू, दीपू, प्रतीक, राहुल निवासी हंस बिहार भूड बुलंदशहर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जब कि दूसरे पक्ष के राहुल ने कार चालक पर जान से मारने की नियत से कार चढ़ाने और राहुल व सोनू को पीट पीटकर घायल करने के आरोप में कार सवार 5 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायलों का मैडिकल परीक्षण कराया। बताया जा रहा है कि आरोपी फरार है।

# चंदियाना में मामूली बात पर विवाद, मारपीट में एक घायल



वेलकम इंडिया

**बुगरासी, संवाददाता।** चौकी क्षेत्र के गांव चंदियाना में मामूली बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गया। झगड़े के दौरान फायरिंग किये जाने का भी आरोप है। सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।

बताया कि गांव चंदियाना निवासी एक युवक बुलेट के साइलेंसर से तेज आवाज करता हुआ जा रहा था। जिसके उसके पड़ौसी ने ऐसा न करने के लिये कहा। इसी बात पर दोनों में नोंक झोंक के बाद कहासुनी हुई और मारपीट शुरू हो गई। बताया कि मारपीट में जिसके हाथ मे जो आ गया उसी से वार कर दिया। इसी दौरान झगड़े के बीच मे फायरिंग किये जाने की खबर लगी तो भगदड़ मच गई। मारपीट में आसिफ खान उर्फ बब्बू गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर सीओ प्रखर पाण्डे पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। इससे पहले झगड़ा करने वाले मौके से फरार हो गये। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजकर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस बल घटनास्थल पर तैनात है।

## रंजिश के चलते गाली गलौज व पथराव करने का आरोप

**कांधला।** जन्नत कॉलोनी निवासी एक महिला ने पुरानी रंजिश के चलते कई महिलाओं पर पीड़िता के घर पर आकर गाली–गलौज करते हुए पथराव करने का आरोप लगाया है पीड़िता का आरोप है पीड़िता के पास घटना का वीडियो मौजूद है पीड़िता ने थाने पर शिकायत की है पुलिस जांच में जुटी है। बुधवार को थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी महिला साहिना पत्नी शमीम ने बताया कि मोहल्ले का एक व्यक्ति उसकी पुत्रवधू को भगाकर अपने साथ ले गया था उसके पुत्र ने न्यायालय में याचिका दायर कर रखी है। आरोप है कि लगातार आरोपी रंजिश के चलते पीड़ितों के साथ गाली–गलौज मारपीट करते रहते हैं। बुधवार की दोपहर को उसकी दूसरी पुत्रवधू घर पर बैठी हुई थी आरोप है कि तभी कई महिलाएं रंजिश के चलते पीड़िता के घर पर पहुंची और गाली–गलौज करने लगी। गाली गलौज मारपीट करने की पीड़िता की पुत्रवधू ने अपने मोबाइल में वीडियो बना रखी है वीडियो उनके पास मौजूद है। बाद में आरोपी महिला उनके घर पर पथराव करते हुए फरार हो गई। पीड़ित महिला ने थाने पर शिकायत कर आरोपी महिलाओं के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## रुपयों की लेनदेन में बाइक छीन कर ले जाने का आरोप

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक ने एक व्यक्ति पर रुपए की लेनदेन को लेकर उसकी बाइक को छीन कर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी तौफीक पुत्र मुस्ताक ने बताया कि उसने चार वर्ष पूर्व जनपद मुजफ्फरनगर के गांव परासौली निवासी शौकीन के साथ मिलकर ईंट भट्ठे पर ठेकेदारी का कार्य किया था। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी के ऊपर पीड़ित के लगभग 22 हजार रुपए बकाया है। मगर आरोपी व्यक्ति पीड़ित पर अपने ही रुपए निकाल रहा है। बुधवार को पीड़ित अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढाना से कस्बे में अपने घर आ रहा था जैसे ही वह क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित भभीसा ईट भट्ठे के समीप पहुंचा तो आरोपी अपने कई लोगों के साथ पहुंचा और बाइक को ओवरटेक करते हुए रुकवा लिया। और जबरदस्ती उसकी बाइक छीन कर फरार हो गया। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## वक्फ संशोधन बिल पेश होने के दौरान पुलिस व खुफिया विभाग अलर्ट

**कांधला।** दिल्ली की लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश करने को लेकर कस्बे में पुलिस अलर्ट मोड पर नजर रहा। खुफिया विभाग के द्वारा भी नगर एवं क्षेत्र से जानकारी जुटाई गई। नगर के कई स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। बुधवार को दिल्ली की लोकसभा में अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजेजू ने वक्फ बिल संशोधन पेश किया।वक्फ बोर्ड पर बिल पेश होने के कारण नगर में पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आई। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मिलकर नगर के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। नगर के दिल्ली बस स्टैंड, कैराना बस अड्डा, सराफा बाजार, मोहल्ला मिर्दगान सहित कई स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। खुफिया विभाग के द्वारा नगर एवं क्षेत्र से लोगों से जानकारी जुटाई गई। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी शांति व्यवस्था बनाए रखें। सरकार की जो गाइडलाइन है उसका पूर्ण रूप से पालन करें।

# शराब ठेका खुलने के विरोध में धरने पर बैठे बस्ती के लोग

वेलकम इंडिया




**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के कैराना मार्ग स्थित नवीन सब्जी मंडी के समीप शराब ठेका खुलने पर मोहल्ले के लोगों ने दूसरे दिन भी जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर शराब का ठेका हटाए जाने की मांग की है।

कस्बे के कैराना रोड पर स्थित नवीन सब्जी मंडी के निकट शराब का ठेका खोला जा रहा है ठेकेदार के द्वारा दुकान के बाहर बोर्ड भी लगा दिया गया है। शराब का ठेका खोले जाने से बस्ती के लोग नाराज हैं और उच्च अधिकारियों को शिकायत कर रहे हैं। आरोप है कि शराब का ठेका नियमों को ताख पर रखकर खोला जा रहा है। शराब के ठेके के निकट एक तरफ मंदिर है तो दूसरी तरफ मस्जिद मौजूद है। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस सहित उप जिलाधिकारी को शिकायत कर शराब ठेका हटवाने की मांग की थी।बुधवार को दूसरे दिन कॉलोनी के महिला ओर पुरुषों ने हंगामा प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि आबकारी विभाग के द्वारा शराब ठेका खोलने की अनुमति दी गई है। ठेकेदार के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर अंग्रेजी शराब एवं बियर की दुकान खोलने का बोर्ड लगा दिया गया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि शराब ठेका खुलने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा शराब ठेका खुलने से उनके मोहल्ले में शराबियों का जमावड़ा लगा रहेगा। शराब ठेके के निकट हिंदू समाज का पूजा स्थल मंदिर है तो दूसरी तरफ मुस्लिम समुदाय की मस्जिद है, जबकि नियम है कि धार्मिक स्थल के समीप शराब ठेका नहीं खोला जाएगा। इसके बावजूद भी शराब ठेका खोला जा रहा है।

मोहल्ले के लोगों ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर नियम विरुद्ध खोले गए शराब के ठेके को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कराए जाने की मांग की है। हंगामा प्रदर्शन करने वालों में दर्जनों महिला पुरुष मौजूद रहे।

# प्रधान पति एवं ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** शिकारपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम मामऊ में सी,सी रोड निर्माण कार्य को अवरोध पैदा करने की ग्राम प्रधान पति राजकुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने शिकायती प्रार्थना पत्र एसडीएम दीपक कुमार पाल को दिया है जिस पर एसडीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए लेखपाल मुकेश शर्मा को मौका मुआयना कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान पति राजकुमार सिंह ने बताया कि मेरे चाचा और उनका लड़का रास्ता बनने में अवरोध पैदा कर रहा है जिसको लेकर समाज में आक्रोश है। इस संबंध में एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया है एसडीएम से जांच कर रास्ता खुलवाने की मांग की है। इस मौके पर इंद्रपाल सिंह वीर सिंह पिंटू लोकेश बीडीसी नत्थू सिंह राजकुमार सिंह प्रधान पति बंटी चौधरी गजराज सिंह प्रहलाद कश्यप बनवारी सिंह निरंजन सिंह सतपाल सिंह प्रमोद कुमार जयप्रकाश आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कैंटर चालक के साथ आधा दर्जन दबंगों ने की जमकर मारपीट

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में कार सवार आधा दर्जन लोगों ने कैंटर चालक को ओवरटेक कर रोक लिया। विरोध करने पर कैंटर चालक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित चालक ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी सद्दाम पुत्र शौकीन कैंटर चालक है। मंगलवार की देर शाम को कैंटर चालक सद्दाम अपना कैंटर लेकर पंजाब जा रहा था। जैसे ही कैंटर चालक क्षेत्र के गांव गंगेरू के निकट स्थित बिजली घर के पास पहुंचा तो आरोप है कि आधा दर्जन से अधिक कार चालक लोगों ने कैंटर को ओवरटेक का रोक लिया, और कैंटर चालक के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। कैंटर चालक सद्दाम ने विरोध किया तो आरोप है कि गांव खेड़ा कुर्तान निवासी सारिक, अमन, अरमान, जोशिल ओर समद ने कैंटर चालक के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी, और कैंटर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके फरार हो गए। पीड़ित कैंटर चालक ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सीओ के नेतृत्व में निकला पैदल मार्च

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** बुधवार को क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद पूर्णिमा सिंह द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थाना प्रभारी गुलावठी मय पुलिस-फोर्स के साथ थाना गुलावठी क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया। आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें।

# परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन की बुनियाद पर बच्चों के भविष्य का निर्माण करेंगे: संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** संजय द्विवेदी को ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा का प्रधानाचार्य बनाया गया है। विद्यालय प्रबंधक शकीला खातून ने हस्ताक्षर प्रमाण का प्रस्ताव जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चन्द्र नाथ को प्रेषित कर दिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुनीर आलम खां 31 मार्च को सेवानिवृत हो गए हैं। उनके सेवानिवृत्ति से रिक्त पद पर संजय द्विवेदी ने प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण कर लिया।

प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण करने के उपरांत संजय द्विवेदी ने कहा कि परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन की बुनियाद पर बच्चों के भविष्य का निर्माण करेंगे। पूर्वजों से चली आ रही मान्यताओं, रीति-रिवाजों और मूल्यों का सम्मान कर पुरातन परम्परा का सम्मान करेंगे। सम्मान और पहचान को बनाए रखने के लिए अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल कायम करूंगा। नियमों और सिद्धांतों का पालन करते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प रहूंगा। प्रबंध समिति, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व अभिभावकों को साथ लेकर विद्यालय के समग्र विकास का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत पहली बार इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में प्रवेश प्रारंभ हो रहा है। विद्यालय में कक्षा 6 से 12वीं तक की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय में खेलकूद, स्काउट गाइड व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का नियमित रूप से संचालन किया जाएगा। विद्यालय में एनसीसी व कंप्यूटर कोर्स भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण करने से पूर्व ही विद्यालय के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहा था। जिसके परिणाम स्वरुप उत्तर प्रदेश सरकार से प्रोजेक्ट अलंकरण योजना के तहत 70 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# पीटीआई नेत्रपाल सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह

वेलकम इंडिया



**रामघाट/डिबाई/रामघाट** थानांतर्गत ग्राम रतुआ नगला के संविलियन विद्यालय महाराजपुर के प्रधानाध्यापक नेत्रपाल के 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय की विज्ञानशाला में बुधवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रवेंद्र कुमार यादव ने की और संचालन डॉ सोमेंद्र कुमार ने किया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमलता सिंह ने कहा कि अनुशासन, कर्त्तव्य बोध और समयबद्धता एक शिक्षक की सफलता के मूल मंत्र हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें बच्चों की गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए सदैव प्रयास करने चाहियें। शिक्षक हरिश्चन्द्र ने नेत्रपाल सिंह के साथ व्यतीत समय के अनुभवों का साझा करते हुए उन्हें एक आदर्शवादी बताया। संचालक डॉ सोमेंद्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें नेत्रपाल सिंह सरीखे शिक्षकों के आदर्शों पर चल कर अपने अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करना चाहिए। स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव ने भी नेत्रपाल सिंह की समयबद्धता की भूरि भूरि प्रशंसा की। ग्राम प्रधान रवेंद्र कुमार यादव और इंचार्ज प्रधानाध्यापक मौहम्मद मकसूद उनसे आत्मीयता के कारण भावुक हो गये। इस अवसर पर मौहम्मद इमरान, मनवीर सिंह, रिंकू बाबू, मिथलेश यादव, राधा, निधि शर्मा, प्रवेश कुमार, राजकुमार, पवन कुमार, हरीशचन्द्र, सतेंद्र कुमार, रामरक्ष पाल तथा दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# घर-घर, ढ़ाणी-ढ़ाणी पहुंचेगा परिण्डा अभियान : बोहरा

वेलकम इंडिया



**बाड़मेर 02 अप्रैल 2025।** भीषण गर्मी के दौर को देखते हुए प्राणियों की जल सेवा को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से परिण्डा अभियान व जल कुण्डी अभियान के माध्यम से जीव दया व कल्याण का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। जिस कड़ी में बुधवार को जूना केराडू मार्ग स्थित श्री माजीसा धाम पावन परिसर में धाम के अध्यक्ष स्वरूपचन्द संखलेचा रणधा एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में परिण्डा वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां श्री माजीसा धाम महिला मण्डल की माताओं-बहिनों को 125 परिण्डे बांटे गए। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि जीव दया के कार्यक्रम परिण्डा अभियान के माध्यम से घर-घर व ढ़ाणी-ढ़ाणी जीव दया के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जायेगा। अमन ने कहा कि यह परिण्डा अभियान सभी दयालु सज्जनों व भामाशाहों के आर्थिक सहयोग की बदौलत घर-घर पहुंचेगा। जहां वर्तमान व भावी पीढ़ी को जीवों के प्रति दया व करूणा जैसे परम्परागत संस्कार मिल सकेंगें। माजीसा धाम अध्यक्ष स्वरूपचन्द संखलेचा रणधा ने कहा कि यह बहुत अच्छा व नेक अभियान है जिसके माध्यम से अबोल जीवों को भीषण गर्मी में पानी पिलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। रणधा ने कहा कि हम सब को इस परिण्डा अभियान से जुड़कर जीव दया व कल्याण का कार्य करना चाहिये। परिण्डा वितरण कार्यक्रम के दौरान परिण्डे बांअने साथ-साथ महिलाओं को जीव दया व कल्याण का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान श्री माजीसा धाम के अध्यक्ष स्वरूपचन्द संखलेचा रणधा, संस्थान अध्यक्ष मुकेश अमन, माजीसा धाम के कोषाध्यक्ष सुरेश श्रीश्रीमाल तेजमालता, दिनेश सिंघवीं, सुरेश वडेरा, मोहनलाल बोहरा, प्रवीण मालू, शुम्भूसिंह, सहित बड़ी संख्या में श्री माजीसा धाम महिला मण्डल की माताएं-बहिनें उपस्थित रही।

# व्यापारी से चांदी लूटने वाले तीन बदमाशों से हुई पुलिस-मुठभेड़ में दो के पैर में लगी गोली, तीन गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**सादाबाद।** (जितेन्द्र कुमार) अवगत कराना है कि दिनांक 27 मार्च को वादी ईश्वरी प्रसाद पुत्र भूदेव प्रसाद निवासी ग्राम तसींगा ने थाना सादाबाद पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि वह अपने अन्य साथी राकेश कुमार के साथ आभूषण बनाने के लिए चाँदी लेने आगरा गये थे। वहाँ से करीब 5 किलो ग्राम चाँदी ले कर मोटरसाइकिल से अपने गाँव आ रहे थे तभी देवो रिसोर्ट से आगे मई रोड पर अज्ञात बदमाशों ने चांदी से भरा थैला लूट लिया है और भाग गये। वादी की प्राप्त तहरीर पर थाना सादाबाद पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। **एसपी ने लिया संज्ञान :** उक्त घटना को अत्यंत गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सादाबाद के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया तथा स्वाट टीम को भी लगाया गया था। जिसके उपरान्त टीमो द्वारा लगातार घटना के अनावरण व अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे थे। जिसके क्रम में आज दिनांक 2 अप्रैल 2025 को सरौठ बम्बा श्रीनगर की पुलिया के पास थाना सादाबाद पुलिस व स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रूप से मुखबिर की प्राप्त सटीक सूचना पर कार्यवाही करते हुए चेकिंग के दौरान बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में थाना सादाबाद क्षेत्रांतर्गत चांदी से भरा थैला छीनने की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 2 अभियुक्त कन्हैया व चंदू उर्फ चंद्रकांत गोली लगने से घायल-गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा घायल दोनों अभियुक्तों को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार कांबिंग की जा रही थी, जिसके क्रम में एक अभियुक्त अंशु कुमार को पुलिस टीम द्वारा कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणो के कब्जे से तीन किलोग्राम सफेद धातु (लूटी हुई), तीन अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद हुए है।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार उजागर: दो न्यायाधीश और एक रीडर पर आरोप

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ा खुलासा हुआ है। हिसार के वरिष्ठ अधिवक्ता मुल्खराज महता ने माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष हिसार के तत्कालीन जज श्री आर. के जैन व जज श्रीमती परमवीर निज्झर एवं विजय कुमार रीडर के विरुद्ध साक्ष्य प्रस्तुत किए है जो जांच में उपरोक्त भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ साक्ष्य प्रथम दृष्टया यह सिद्ध हो गए है कि हिसार के दो अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे/एएसजे) और एक रीडर भ्रष्टाचार में संलिप्त थे। महता ने इस मामले को उजागर करने के लिए सतत प्रयास किए और अब इस मामले में ठोस कदम उठाने के लिए उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को पत्र लिखा है की भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत दोषी जजों व रीडर खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जांच शुरू की जाने की मांग की है व स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति प्राप्त अधिकारियों के खिलाफ निर्णय की समीक्षा की जाए और उनकी पेंशन समाप्त की जाए।

# भागवत निवास में धूमधाम से संपन्न हुआ ठा.श्री गौरांग कृष्ण महाराज का 42वां पाटोत्सव एवं पं. चन्द्रहंस पाठक का 41वां विरह उत्सव

वेलकम इंडिया



**(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)**

**वृन्दावन।** रमणरेती रोड़ स्थित भागवत निवास में रिस्पेक्ट एज इंटरनेशनल (अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समिति) के द्वारा ठाकुरश्री गौरांग कृष्ण महाराज का 42वां पाटोत्सव एवं पंडित चन्द्रहंस पाठक का 41वां विरह उत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसके अंतर्गत ठाकुरश्री गौरांग कृष्ण महाराज व पंडित चंद्र हंस पाठक के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।साथ ही संतों एवं भक्तों के द्वारा संगीतमय श्रीहरिनाम संकीर्तन किया गया।तत्पश्चात संत-विद्वत संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए महंत वनमाली दास महाराज एवं बाबा शुकदेव दास महाराज ने कहा कि मनुष्य का कल्याण श्रीधाम वृंदावन में भगवद आश्रय, नाम, रूप, लीला, धाम तथा प्रभु के गुणों में निरंतर लगे रहने से ही होता है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी एवं प्रख्यात चित्रकार द्वारिका आनंद ने कहा कि भगवत भक्ति के लिए मानव को गुरु की शरणागति, शास्त्र का संग, सत्संग के साथ ही अपने जीवन में विनम्रता धारण करते हुए भगवान नामाश्रय ग्रहण करना चाहिए। संत रामदास महाराज (अयोध्या) एवं रिस्पेक्ट एज इंटरनेशनल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. गिरीश गुप्ता ने कहा कि भगवत प्राप्ति के लिए मानव के जीवन में भक्ति की आवश्यकता है और भक्ति की प्राप्ति के लिए गुरु की आवश्यकता है।सत्संग एवं महामंत्र का आश्रय व्यक्ति के जीवन में भक्ति प्रदान करता है। संत-विद्वत सम्मेलन में सन्त कृपासिंधु दास महाराज, सन्त निधि दास, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, श्रीमती बीना गुप्ता उर्मिला अग्रवाल, दीपक प्रहलाद अग्रवाल, मंजू गर्ग, लक्ष्मी नारायण दास (राधाकुंड), पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. राम ठाकर (इन्दौर), संत जुगल दास महाराज, गौर हरि बाबा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# नवांगत सीओ ने संभाला कार्यभार



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर:** 2022 बेच के टॉपर तेज तर्रार सीओ प्रखर पांडे ने स्याना क्षेत्र का संभाला चार्ज।

सीओ स्याना प्रखर पांडे ने क्षेत्र का चार्ज संभालते हुए ही पीड़ितों की सुनवाई के लिए थाना प्रभारियों को दिए निर्देश

क्षेत्र के लोग गलत गतिविधियों की सीधी सीओ स्याना को जानकारी देकर कराए कार्यवाही सीओ स्याना ने अपना सीयूजी मोबाइल नंबर किया जारी

पीड़ित व्यक्ति सीओ स्याना के ऑफिस पर बगैर किसी सिफारिश के पहुंचकर सुनाएं अपनी फरियाद और कराए कार्यवाही सीओ स्याना प्रखर पांडे ने पीड़ितों को दिया न्याय दिलाने का भरोसा मोबाइल नंबर:9454401557 सीओ स्याना प्रखर पांडे।

## रिपोर्टिंग चौकियों पर ही रिपोर्ट हो और महिला पुलिस की भी पोस्टिंग होनी चाहिए

**बुगरासी।** जिले की प्रत्येक रिपोर्टिंग चौकी की पर रिपोर्ट होनी चाहिए और महिला पुलिस की पोस्टिंग भी होनी चाहिए। क्योंकि रिपोर्टिंग चौकी थाने और कोतवाली से काफी दूर पड़ते हैं। महिलाओं के साथ कुछ भी हो जाने पर चौकी की बजाय थाने पर थाना पर ही जाना पड़ता है। उदहारण के लिए बुगरासी चौकी पर महिलाओं की शिकायतों की भरमार रहती है जिसको लेकर चौकी प्रभारी बुगरासी कहीं भी नहीं जा पाते हैं महिलाओं की शिकायतों में ही उलझकर रह जाते हैं और गस्त से भी मरहूम रहना पडता है। महिला पुलिस चौकियों पर रहेंगी तो महिलाओं को डांट–फटकार भी सकती हैं जबकि जेंट्स पुलिस ऐसा नहीं कर सकती है।जब सरकार भी महिलाओं को हर सुविधा दे रही है तो जिले के उच्चाधिकारी भी सरकार का ही अंग हैं। इसीलिए सभी रिपोर्टिंग चौकियों पर रिपोर्ट होनी शुरू कर फौरन महिला पुलिस की पोस्टिंग भी होनी चाहिए।जिससे महिलाओं को आराम मिल सके।

# डीएम-एसपी ने श्री हरि शीतगृह में लगी भीषण आग के घटना स्थिति का निरीक्षण कर जायजा लिया



वेलकम इंडिया

**सासनी।** तहसील सासनी के ग्राम बरसै में हाईवे पर स्थित श्री हरि शीतगृह में लगी भीषण आग के दृष्टिगत जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ स्थिति का निरीक्षण कर यथास्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों से घटना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अधिक से अधिक संख्या में दमकल गाड़ियों एवं आवश्यक मशीनरी को आग पर काबू पाने हेतु लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अतिरिक्त जेसीबी लगाकर शीतगृह से मलबा निकालने के निर्देश दिए। जिससे कि जल्दी से जल्दी आग पर काबू पाया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सासनी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, अग्निशमन अधिकारी, तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

# रिठौरा में बड़े पैमाने पर फर्जी वोटर कार्ड बनाने का खेल जारी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के नगर पंचायत रिठौरा में फर्जी वोटर कार्ड और आधार कार्ड बनाए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि भोजीपुरा रोड पर स्थित कई जनसेवा केंद्रों से अवैध रूप से यह कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन केंद्रों से बिना किसी सत्यापन के एक ही मोबाइल नंबर से कई-कई वोटर कार्ड जारी कर दिए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस फजीर्वाड़े की शिकायत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व के ट्विटर) पर भी की गई, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नागरिकों का कहना है कि यह गड़बड़ी चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है, जिससे निष्पक्ष चुनावों पर सवाल खड़े हो सकते हैं। लोगों के अनुसार, जनसेवा केंद्रों पर बिना उचित दस्तावेजों के फर्जी आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल फर्जी वोटर कार्ड बनाने में किया जाता है। इस प्रक्रिया के जरिए कई लोगों को अवैध रूप से मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है। इस बारे में किसी व्यक्ति ने एक्स पर शिकायत की है। एक्स पर शिकायत होने के बाद बरेली पुलिस ने थाना भोजीपुरा पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है जल्द ही ऐसे जन सेवा केंद्र संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

# 21.992 किलो गांजा, 3100 रुपये नकदी व घटना में प्रयुक्त गाडी सहित गिरफ्तार




वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा चैंकिग के दौरान एक महिला जो पांच पुरुषों को 21.992 किलोग्राम गांजा तथा 3100 रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त गाडी सहित गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी लोकेश अग्निहोत्री ने बताया कि रफीक पुत्र मौ० इकबाल निवासी मौ0 माजिदपुरा गली नं० 05 मदमी मस्जिद वाली गली थाना कोतवाली नगर जनपद हापुड़,सन्नो पत्नी वाहिद निवासी मदानों वाली गली फैसलाबाद थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर, शाहिद पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम शिवाल खास थाना जानी जनपद मेरठ (वर्तमान पता कोटला टंकी के पास थाना हापुड देहात जनपद हापुड), शहजाद पुत्र जावेद निवासी ग्राम तोड़ी बिस्वा थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद, वाहिद पुत्र सईद निवासी मनिहारों वाला कुआँ मौहल्ला मुगलसराय थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर, रवि उर्फ बॉबी निवासी ग्राम रिझौड़ा थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# बारूद के ढेर पर बरेली: बस्तियों के बीच गैस गोदाम, कभी भी मच सकती है तबाही

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** शहर और आसपास के इलाकों में गैस गोदामों की स्थिति टेकिंग टाइम बम जैसी बन चुकी है। हाल ही में रजऊ परसपुर में सिलेंडर से भरे ट्रक में लगी आग और धमाकों ने पूरे इलाके को दहला दिया था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन शहर के अंदर ऐसी ही कई जगहों पर सिलेंडरों का जखीरा बस्तियों के बीच रखा हुआ है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

बरेली जिले में करीब 90 गैस एजेंसियां हैं, जिनमें से 35 शहर के अंदर स्थित हैं। इनमें से कई गोदाम घनी आबादी के बीच बने हैं, जहां से हजारों लोग रोज गुजरते हैं। सुभाषनगर, करगैना, प्रेमनगर, इस्लामिया कॉलेज, लल्ला मार्केट और हार्टमन पुल जैसे इलाकों में खुलेआम सिलेंडरों की सप्लाई की जा रही है। 24 मार्च को बरेली के बिथरी चैनपुर के गांव रजऊ परसपुर में महालक्ष्मी गैस एजेंसी के गोदाम में आग लग गई थी। ट्रक के केबिन से उठी लपटें गैस गोदाम तक जा पहुंचीं और कुछ ही सेकंड में सिलेंडरों में धमाके होने लगे। लगभग एक घंटे तक इलाके में धमाकों की गूंज सुनाई देती रही और गैस सिलेंडरों के टुकड़े एक किलोमीटर दूर तक जा गिरे। शहर में कई जगह रोड किनारे और खुले मैदानों में सिलेंडर रखकर सप्लाई की जा रही है। सुभाषनगर के शांति बिहार में खुले मैदान में दर्जनों सिलेंडर स्टोर किए जा रहे हैं। करगैना रोड और इस्लामिया कॉलेज के पास ट्रकों से सिलेंडर उतारकर सप्लाई की जाती है। प्रेमनगर और लल्ला मार्केट में भी ट्रकों के जरिए सिलेंडरों की डिलीवरी हो रही है। जरा सी चिंगारी पूरे इलाके को तबाह कर सकती है, लेकिन गैस एजेंसी मालिक और प्रशासन आंखें मूंदे बैठे हैं। बरेली एलपीजी एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष लता सोलंकी का कहना है कि ₹गैस गोदाम बस्ती से बाहर नहीं जा सकते, क्योंकि अब शहर फैल चुका है।

# रिश्तेदारी में जा रही बाइक सवार महिला की हादसे के दौरान मौत

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी** नगर निवासी एक वृद्ध महिला की कैराना क्षेत्र के झिंझाना मार्ग पर सड़क हादसे के दौरान मौत हो गई मर्तक महिला का पुत्र गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार जारी है परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी असगर की 50 वर्षीय पत्नी बलकिशा अपने पुत्र साकिर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर कस्बा झिंझाना में अपनी रिश्तेदारी में जा रही थी। मोटरसाइकिल सवार जैसे ही गांव भूरा के समीप पहुंचा तो अचानक से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से मां,बेटा सड़क पर गिर पड़े, राहगीरों ने घायल मां बेटे को उपचार के लिए शामली के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत को गंभीर देखते हुए मेरठ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया मेरठ अस्पताल ले जाते समय महिला की बीच रास्ते में ही मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के बुधवार को महिला को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। जबकि जानकारी के अनुसार मृतक महिला का पुत्र गंभीर हालत में है और जिसका इलाज शामली के एक निजी अस्पताल में जारी है। महिला की मौत से परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# बेटी बचाओ अभियान व पंजाबी फैडरेशन 14 जून को सामूहिक विवाह समारोह करेंगे

वेलकम इंडिया

**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान व पंजाबी फैडरेशन की मीटिगं सैक्टर 10 कार्यालय में वासुदेव अरोड़ा की अध्यक्षता में सम्मपन हुई। कार्यक्रम में बेटी बचाओ अभियान के संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि दोनों सस्थायें मिलकर 14 जून को लक्ष्मी नारायण मन्दिर सैक्टर 14 में जरूरतमंद बेटियों का सामूहिक विवाह करेंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक 2 बेटियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है तब तक कुछ और बेटियाँ भी आ सकती हैं। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था पहली बार सामूहिक विवाह कार्यक्रम करने जा रही है इस कार्यक्रम को बहुत ही धूमधाम से शहर की जनता के सहयोग से किया जायेगा। आजाद ने कहा वासुदेव अरोड़ा जी के आग्रह पर बेटियों के विवाह के बाद एक वर्ष तक बेटियों को सभी त्यौहारों पर शगुन हमारी संस्था द्वारा दिया जायेगा जोकि एक अलग पहल है। पंजाबी फैडरेशन फरीदाबाद के अध्यक्ष वासुदेव अरोड़ा ने बताया कि हम प्रत्येक वर्ष में दो बार सामूहिक विवाह कार्यक्रम किया करेंगे और जितनी भी बेटियाँ आयेंगी समाज के सहयोग से सबका विवाह हमारी संस्था करायेगी। उन्होंने कहा कि इस पुण्य कार्य के लिये शहर के बहुत लोग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप अच्छे और सच्चे मन से कोई भी कार्य करेंगे तो सहयोगीयों की कोई कमी नही है। उन्होंने कहा कि विवाह कार्यक्रम विधिवत, भव्य व हिन्दू रिति रिवाजों से किया जायेगा। इस मौके पर रमेश मक्कड़, अरविन्द बावा, वासुदेव अरोड़ा, हरीश चन्द्र आजाद, जगदीश भाटिया, अशोक भाटिया, विनोद सहगल, चन्द्र मोहन स्वामी, मंगू जी, मुंजाल जी, किशन भटेजा और जवाहर लाल उपस्थित थे।



# सारस्वत सिंधी ब्राह्मण मंडलर के बीस ब्राम्हणों के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई.




वेलकम इंडिया

चेट्रीचंडू पर हुआ महाभिषेक सुबह इष्टदेव झुलेलाल का महाभिषेक महंत ठकुर मोहनदास द्वारा पंचामृत, गंगा, जमुना, सरस्वती, पवित्र नदियों से लाये जल से किया गया. विश्व मे खुशहाली, अमन, हरियाली एवं धर्म, संस्कृति की रक्षा के प्रतिक 30 फुट ऊंचे झंडे को संस्था अध्यक्ष जेसवानी के हस्ते

वंदन कर झंडा फहराया गया। बहराणा साहब की पूजा अर्चना महंत ठकुर ₹सारस्वत सिंधी ब्राह्मण मंडलर₹ के बीस ब्राम्हणों के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई. महंत द्वारा बहराणा साहब की महिमा, आरती, पल्लव का व्याख्यान किया गया. महिला समिति की संयोजक रेखा ठकुर, ज्योति मंगलानी, शीला धनराजानी, सुधा जेसवानी, सुजाता मैनानी, अनिता धनराजानी मीति यकर आर नेहा चावला, खुशलानी, ऊषा आमेसर, कोमल खंडवानी, सविता खुशलानी, मधु मूलचंदानी, अनिता फुलवानी, खुशी टेकचंदानी, विनती फुलवानी, खुशी संगतानी, अनमोल शर्मा, धनश्री मोटवानी, महक गौरानी, रेखा झुमानी द्वारा मेहंदी व अन्य कई स्पधाओं का आयोजन किया गया हैं.

# श्री श्याम बाबा के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा



वेलकम इंडिया

कौशांबी भरवारी नया बाजार हनुमान मंदिर के पास श्री श्याम बाबा के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा इस कार्यक्रम के अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि 4 अप्रैल को और 7 अप्रैल तक कार्यक्रम चलेगा कार्यक्रम में कलश यात्रा भजन कीर्तन महाप्रसाद भोजन भी किया जाएगा श्री श्याम मित्र मंडल भरवारी की ओर से आप सभी को आमंत्रण पत्र मानते हुए आमंत्रण को स्वीकार कर आप सभी सपरिवार समित्रगण सहित बाबा के इस भव्य महोत्सव में आना प्रार्थनीय है..!!

# स्कूल चलो अभियान में बच्चों ने नारे लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मंगलवार को बरेली कॉलेज मैदान से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर से स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक रैली का आयोजन वरिष्ठ अध्यापक रमेश सागर के नेतृत्व में किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के महत्व को समझाते हुए ग्रामीणों को तख्ती पर लिखे नारों ₹कोई न छूटे इस बार, शिक्षा है सबका अधिकार₹, ₹हिन्दु-मुस्लिम, सिख-इसाई मिलकर के सब करें पढ़ाई₹, ₹एक भी बच्चा छूटा, तो संकल्प हमारा टूटा₹, ₹पढेंगे पढ़ायेंगे, उन्नत राष्ट्र बनाएंगे₹ से जागरूक किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक रमेश सागर और दीपा गुप्ता ने ग्रामीणों को गांव के होली चौक पर संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने क्षेत्र के साथ जिले को यदि शिक्षित बनाना है तो निश्चित ही हमें हर बच्चे को स्कूल भेजना ही होगा, क्योंकि स्कूल से न केवल बच्चे शिक्षित होते है बल्कि उसमें संस्कार भी जन्म लेते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका मीनू रस्तोगी और रेनू गंगवार ने समस्त ग्रामीणों को नवीन शैक्षिक सत्र एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति आ रही है आज हमारे सभी सरकारी विद्यालय बच्चों के लिए आवश्यक संसाधनों से संतृप्त हैं। विद्यालय की अध्यापिका गीता यादव ने बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों को बताते हुए कहा कि आज सरकारी विद्यालयों में बच्चों के लिए ड्रेस, पुस्तकें, जूते मोजे, स्वेटर, मिड डे मील और निशुल्क शिक्षा प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से नीलम सक्सेना, कृष्णा स्वाती, बेवी तबस्सुम, मोहन सिंह, सुधांशु कुमार, गौरव गंगवार, पंडित अनिल कुमार शर्मा, रुचि दिवाकर, रिंपल सिंह एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि युवांचल आदि उपस्थित रहे।

# आटा मिल को 24 घण्टे बिजली

**मथुरा।** बिजली विभाग की मनमानी से आमजन कराह उठे हैं। अड़ींग बिजलीघर से सटी आटा मील को पूरे 24 घण्टे बिजली दी जाती है। गांव के अन्य उद्यमी बिजली की वाट जोहते रहते हैं। देहात फीडर से जुड़ अड़ींग से लेकर सौंसा से पीली ब्राह्मणान तक के दर्जनों गांव गर्मी में बेशुमार कटौती से परेशान हैं।

अड़ींग क्षेत्रीय सहकारी समिति के चेयरमैन विनोद चौधरी ने बताया कि दिन में कड़ी दोपहर में गेहूं की फसल को आग आदि से बचाने को कटौती व्यावहारिक है लेकिन उससे भी कयी गुना ज्यादा कटौती हो रही है। सुबह 5 बजे बिजली चली जाती है फिर देर रात को आती है। लोग पानी भी मोटर आदि चलाकर नहीं भर पा रहे हैं। एसडीओ और एक्स ई एन गोवर्धन को शिकायत के बाद भी सुधार नहीं हुआ है। जन आक्रोश बढ़ रहा है। इधर अड़ींग में चल रहे छोटे उद्योग भी विभाग की मनमानी से चौपट हो रहे हैं। उन्हें शासनादेश के अनुरूप 18 में से 15 घण्टे ही सप्लाई दी जाती है। लाइनों का काम हो या अन्य फाल्ट ठीक करने का काम सभी वर्किंग अवर्स में ही होते हैं।

# विवेकानंद स्कूल के छात्र आदित्य को मिला प्रथम स्थान

वेलकम इंडिया




**मथुरा/सोंख।** कक्षा एक के छात्र गांव नगला के रहने वाले आदित्य कुंतल पुत्र सुनील कुंतल ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसने बताया कि मैं आगे पढ़कर देश के लिए कुछ करुंगा चाहे मुझे कितनी मेहनत करनी पड़े, शुरू से ही पढ़ाई की और मेरा ध्यान रहता है और मैं भविष्य में कुछ बनना चाहता हूं, जिसका श्रेय मेरी दादी श्रीमती शांति देवी को जाता है जो मेरा बहुत ध्यान रखती हैं। स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद घर पर पहुंचे आदित्य कुंतल का परिवार वालों और गांव वालों ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस मौके पर लीला सिंह, बने सिंह, ओमप्रकाश हवलदार, रामवीर सिंह, एडल सिंह, राजवीर सिंह, किशन सिंह, भारती देवी, चंद्रेश देवी, चौधरी हरवीर सिंह पत्रकार आदि लोग मौजूद रहे।

# पीआरवी 1496 द्वारा मारपीट/विवाद में घायल 01 महिला को भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 1496 को थाना दुधारा क्षेत्रांतर्गत रक्शाकला से कालर द्वारा मारपीट/विवाद में घायल 01 महिला परवीन पत्नी सिराज अहमद ग्राम रक्साकला थाना दुधारा के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी मु0आ0 गौतम कुमार, आ0 धर्मेन्द्र मौर्या, हो0चा0 सुरजीत कुमार ने त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर मारपीट/विवाद में घायल महिला को 108 एम्बुलेंस की सहा?ता से सी0एच0सी0 सेमरियावां भेजवाया। घटना के सम्बन्ध में थाना दुधारा को अवगत कराया गया।

# मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 106 वाहनों से 1,26,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

**संतकबीरनगर।** बुद्धवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 106 वाहनों से 1,26,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

# तीन दिवसीय रोवर रेंजर प्रवेश कैम्प शुरू



वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में बुधवार को रोवर रेंजर प्रवेश शिविर आयोजित किया गया। शिविर लगातार तीन दिन तक जारी रहेगा।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ राजेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि शिक्षा और श्रेष्ठ संस्कार मानव के सर्वश्रेष्ठ गुण हैं। सेवा भाव से कार्य करने से हर क्षेत्र में सफलता निश्चित है। रेंजर लीडर प्रोफेसर निशा चौधरी ने शिविर के उद्देश्य लक्ष्य और समय अवधि पर प्रकाश डाला। बताया कि यह शिविर 4 अप्रैल तक जारी रहेगा। कैंप के मुख्य प्रशिक्षक उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड बुलंदशहर पवन कुमार राठी? ने शिविर की महत्ता पर प्रकाश डाला और रोवर रेंजर, स्काउट गाइड और कब बुलबुल की श्रेणी, उद्देश्य और इनके सामाजिक योगदान को विस्तार से समझाया।

# डॉ विकास शर्मा ने पूरे रीति-रिवाज के साथ की गणगौर माता की पूजा-अर्चना और कमेटी टीम के भक्तों को दी बधाई और शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) कांस्यकार समाज की ओर से निकाली जाने वाली दो दिवसीय श्रीगणगौर महाराज की 231वीं शोभायात्रा में शहर के वरिष्ठ समाजसेवी, श्री कृष्ण सेवक-फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर डॉ विकास कुमार शर्मा भक्ति भाव के साथ शामिल हुए। उन्होंने पूरे रीति-रिवाज के साथ गणगौर माता की पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि शहर में पिछले 230 वर्ष से दो दिवसीय गणगौर शोभायात्रा निकाली जा रही है। गणगौर उत्सव हाथरस का एक पारंपरिक और भव्य त्योहार है, जिसे विशेष रूप से महिलाओं द्वारा मनाया जाता है।

यह पर्व मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा के लिए समर्पित है और सौभाग्य, सुख-समृद्धि और अखंड सुहाग की कामना के लिए रखा जाता है। गणगौर शब्द 'गण' और 'गौर' से मिलकर बना है, जहां 'गण' का अर्थ शिव और 'गौर' का अर्थ पार्वती होता है। यह त्योहार चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को बड़े उत्साह और भक्ति भाव से मनाया जाता है। डॉ विकास शर्मा ने बताया कि गणगौर पर्व माता पार्वती की तपस्या और शिव से पुनर्मिलन का प्रतीक है। लोक मान्यताओं के अनुसार, विवाह के बाद पार्वती होली के अवसर पर अपने मायके आईं और वहां 16 दिनों तक रहीं। इस दौरान उनकी सखियों ने उनके साथ खूब आनंद किया। विदाई के समय पार्वती ने सभी को अखंड सौभाग्य और सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। इसी प्रसंग को गणगौर उत्सव के रूप में मनाया जाता है। गणगौर केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर भी है। डॉ विकास शर्मा ने सभी शोभा समिति के आयोजकों को शोभायात्रा को भव्य और सफल बनाने के लिए शुभकामनाएं दी।

# जनमानस को जान जागरूक करने के लिए रैली निकाली गयी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** नए शैक्षिक सत्र के दूसरे दिन बघौली विकास क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान की रैली को ब्लाक प्रमुखप्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप सिंह एव खण्ड विकास अधिकारी अर्जित प्रकाश ने झंडी दिखाकर रवाना किया गया।जिसमें कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बघौली प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय बघौली के साथ आसपास के विद्यालयों के लगभग 250 बच्चों द्वारा हाथों में तख्ती लेकर जनमानस को जान जागरूक करने के लिए रैली निकाली गयी। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अर्जित प्रकाश द्वारा 250 प्रतिभागी बच्चों को स्टेशनरी कित इसमें ज्योमेट्री बॉक्स ड्राइंग कॉपी उपलब्ध कराई गई उपलब्ध करायी गयी। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय बालू शासन कंपोजिट विद्यालय ऊजरावती के बच्चों द्वारा बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने की थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में रेनू चौधरी रेनू मिश्रा जयभगवान चौधरी अश्वनी पांडे चंद्रेश फरहान राजेश चंद्र उमेश कन्हैयालाल रमेश एसपी राय चौधरी अमिताभ विश्वकर्मा मुनिभा सिंह सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी निधि श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में किया गया कार्यक्रम में जनपद स्तर से जिला समन्वयक समेकित शिक्षा डा. रजनीश बैद्यनाथ नेभी पतिभाग किया।इस अवसर पर बच्चों को नवीन शैक्षिक सत्र की पाठ्यपुस्तिको का भी वितरण किया गया।

# सेंट मिराज इंटर कॉलेज में नए सत्र की शुरूआत

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हिंद नगर स्थित सेंट मिराज इंटर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक विनोद रातड़ा ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और नए सत्र के प्रति उनके उत्साह को प्रोत्साहित किया। विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विशेष आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें अनुशासन, नैतिकता और शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में विनोद रातड़ा ने कहा, ₹जीवन में माता-पिता और गुरु का सर्वोच्च स्थान होता है। जब दोनों का समावेश होता है, तब सच्ची शिक्षा का मार्ग प्रशस्त होता है।₹ उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई में अनुशासन बनाए रखने और होमवर्क पूरा करने में माता-पिता की अहम भूमिका होती है। विद्यालय प्रशासन ने यह संकल्प लिया कि जल्द ही सोलर कार और हेलीकॉप्टर निर्माण की परियोजना को पूर्ण किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का व्यावहारिक अनुभव मिल सके। साथ ही, शिक्षकों को यह निर्देश दिया गया कि कक्षा में किसी भी विद्यार्थी को मोबाइल फोन या खेल की अन्य वस्तुएं लाने की अनुमति न दी जाए और अध्ययन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। विद्यालय में नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी शिक्षा की गुणवत्ता की सराहना की। सुधा दुबे, जिन्होंने अपने तीन बच्चों का इसी सत्र में प्रवेश कराया, ने कहा, ₹सेंट मिराज इंटर कॉलेज में उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है। मेरे पति भी इसी विद्यालय के पूर्व छात्र हैं और आज एक सफल नागरिक के रूप में समाज में योगदान दे रहे हैं।₹ विद्यालय के पूर्व छात्र, डॉ. गौरव सक्सेना, जिन्होंने 1982 में दाखिला लिया और 1994 में हाई स्कूल उत्तीर्ण किया, ने विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



# जाट सभा चांदपुर द्वारा किया गया मासिक बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया



जाट सभा चांदपुर द्वारा चौधरी अतुल राठी के निवास स्थान नूरपुर रोड चांदपुर निकट जीएसटी ऑफिस चांदपुर में एक मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जाट सभा के सभी सम्मानित सदस्यों ने बैठक में भाग लिया।और समाज के युवाओं में नशे की बढ़ती कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जाट सभा चांदपुर के अध्यक्ष चौधरी नरेश सिंह लांबा ने अपने संबोधन में जाट समाज की एकता एवं एक दूसरे का सहयोग करने का आह्वान किया। वही मास्टर राजपाल सिंह ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर समाज के कल्याणकारी कार्य में लगाना चाहिए। और जो अनेक प्रकार की बुराइयों से दूर रहकर समाज और देश की प्रगति के लिए आगे बढ़कर अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। जिससे जाट समाज के लिए एक उन्नति का कारण हो सकता है। और दहेज .प्रथा को हमें जड़ से मिटाने का संकल्प लेना होगा। कपिल तोमर ने कहा कि बिरादरी के लोगों ने लगभग हर क्षेत्र में सफलता के मुकाम कायम किए हैं। और जो जाट मूवी रिलीज हो रही है उसे भी सभी जाट भाइयों से देखने का अनुरोध किया गया। चौधरी वीरेंद्र सिंह पाहुली वालों ने अपने संबोधन में कहा कि जाट समाज हमेशा से अन्य समाज के लिए मार्गदर्शन का कार्य करता रहा है। एवं युवाओं को कौशल विकास पर ध्यान देना चाहिए। जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके। और युवा वर्ग विकास के नए द्वार खोलने में मदद कर सके। जिससे देश और प्रदेश का विकास होने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकेगा। जाट समाज के सम्मानित सदस्य चौधरी मनजीत सिंह, चौधरी यशवीर सिंह, चौधरी रविंदर सिंह, योगेंद्र सिंह पाहुली वाले, चौधरी विपिन कुमार एडवोकेट, डॉ द्रगेश तोमर, डॉ भूपेंद्र चौधरी, महेंद्र सिंह वकील, डॉ परमजीत सिंह अमित कुमार ने संबोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेंद्र सिंह ट्रांसपोर्ट वाले और संचालन संजीव चौधरी मेडिकल वाले ने किया और जाट सभा चांदपुर के सभी सम्मानित सदस्यों का सहयोग रहा।

# ऋषि दयानंद सरस्वती जूनियर हाई स्कूल का परिणाम घोषित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**चांदपुर :** नगर में रामलीला ग्राउंड निकट स्थित ऋषि दयानंद सरस्वती जूनियर हाई स्कूल का परिणाम घोषित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में कमेटी के प्रधान डॉ दिवाकर भाटिया, उप प्रधान संजय भाटिया, मंत्री सुरेंद्र बजाज, उप मंत्री पीयूष अरोड़ा, कोषाध्यक्ष भारत भूषण, दिनेश भाटिया, विकास भाटिया, कृष्ण भाटिया, अश्वनी भाटिया, विकास गर्ग, आदि कमेटी के लोगों के द्वारा इशिका, सत्यम, अनुष्का, कृष्णा, तनु, हर्षिता, गुड़िया, तन्वी, विशाखा आदि अनेक छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सुदेश कुमार के द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में मंत्री सुरेंद्र बजाज के द्वारा छात्रों के उत्साह वर्धन हेतु एक गीत सुनाया गया कार्यक्रम में काफी संख्या मेंअभिभावक उपस्थित रहे।

# पुलिस की सख्ती के बाद भी कट रहे हरे वृक्ष वनकर्मी नही लेते संज्ञान

वेलकमइंडिया



**जहांगीराबाद.** प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भले ही प्रदेश को पर्यावरण मुक्त करने का दंभ भरते हो, पौधारोपण व अन्य मदों पर करोडों रुपए खर्च हो रहे हो, मगर उनके नुमांइदे प्रतिबंधित हरे वृक्षों पर कार्यवाई करने से गुरेज करते है।

अब इस हीलाहवाली को मिलीभगत कहें या फिर इन कथित ठेकेदारों का खौफ, जो कहीं न कहीं कटान अनवरत जारी है। अब तो लोग शिकायत करने से भी बचते है। बुलंदशहर जनपद के विकासखंड जहांगीराबाद में पर्यावरण प्रहरी द्वारा विशेष कर जहांगीराबाद पर हरियाली न उजडने की चेतावनी दी जाती रही है। और थाना जहांगीराबाद कोतवाली सहित क्षेत्र भर के छुटभैया लकडकटटों ने तो काम से ही तौबा कर ली। मगर देखने वाली बात है कि कई स्थानों पर टाल व आरा मशीनों पर दिन रात वृक्षों का चिरान जारी है। बताया गया है कि रातों रात अवैध कटान की लकडी को इन टाल स्वामियों द्वारा गाडी में भरवाकर मंडियो तक बेच दिया जाता है। मंडी समिति को बिना शुल्क चुकाये रात के अंधेरे के बाद सब सफेद प्रतीत होता है। इसी सप्ताह कई समाचार पत्रों में जगह-जगह कटान की खबरे भी प्रकाशित हुई है। लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई। बताया गया है कि रात के अंधेरे में कई जगह हरे पेड कटे, पकड में आने पर सफेद पोश सहित अन्य तरीकों से कार्यवाई से बच निकलते है। आपको बता दें कि जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। जिसकी वजह बेशकीमती पेड़ों को उजाडने में दर्जनों से अधिक लकडकटटे समाजसेवी की भूमिका में दबंगई से जीवन यापन कर रहे है। मगर हरियाली को उजाडने वाले इन दुष्टों पर पुलिस प्रशासन द्वारा काफी वर्षों से कोई माफिया तक घोषित नही किया गया। अब देखना यह है कि पुलिस-प्रशासन के सूत्र कमजोर है या फिर किसी दवाब में इन्हे बख़्शीश मिलती रहेगी।

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, ग्रामीणों ने किया हंगामा

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर .** सबदलपुर से ऊंचागांव के लिए सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप है। ग्रामीणों के विरोध करने पर नाराज ठेकेदार के कर्मचारी ने ग्रामीणों के साथ गाली गलौज करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है, कि सड़क के निर्माण में ठेकेदार तय मानक के तहत सड़क का निर्माण नहीं कर रहा है। ज्यादा मुनाफे के चक्कर में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिसकी वजह से सड़क समय से पहले ही उखड़ने लगेगी। घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोष है। ग्रामीण नितिन कुमार, गंगाशरन, नवेश कुमार, हेमसिंह, शंकर, शिवम, चमन सुखवीर सिंह, अमन कुमार, योगेंद्र, विपिन, परवीन सिंह, व अन्य लोगों ने बताया कि मिट्टी के ऊपर ही सड़क निर्माण कराया जा रहा है। उच्च अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण की एक बार भी जांच नहीं की गई। जिसके कारण ठेकेदार अपनी मनमजी से सड़क का निर्माण कर रहा है। जिसका विरोध करने पर ठेकेदार के कर्मचारी ने ग्रामीणों को गाली गलौज करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

मामले संज्ञान में नहीं है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी
प्रताप सिंह अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग बुलंदशहर

# पहले प्रयास दिव्याश बने प्रोबेशन अधिकारी तो खुश हो ग्रामीणो ने कहा शाबास दिव्याशू

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़** । कुंडा तहसील क्षेत्र दिव्यांशु त्रिपाठी ने पहले प्रयास में बैंक की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रोबेशनरी ऑफिसर बना है। दिव्यांशु को मिली इसी सफलता पर न केवल परिवार बल्कि गांव के लोगों में खुशी देखने को मिली ।खुश हो ग्रामीणो ने एक स्वर मे दिव्याशू से मिल कहा शाबास दिव्याशू।

ढिंगवश ग्राम प्रधान और जनसत्ता दल सुप्रीमो राजाभैया के नवरत्नो मे से एक राजेश त्रिपाठी सामाजिक और स राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। राजेश त्रिपाठी के ग्राम प्रधान पद पर रहते किए जा रहे अभूतपूर्व विकास कार्य और क्षेत्र को दे रहे सृजनात्मक और रचनात्मक सहयोग को शुभचिन्तक ही नही बल्कि उनके विरोधी भी दबी जुबान चर्चा करते है ।?से मे जब दिव्याश ने पहले प्रयास मे सफलता हासिल की तो बधाईयो का ताता लग गया ।पिता मनोज कुमार त्रिपाठी और मां अर्चना त्रिपाठी बेटे दिव्यांशु त्रिपाठी को मिली सफलता पर खुश हैं। दिव्यांशु त्रिपाठी आईबीपीएस पीओ परीक्षा 2024-25 में शामिल हुए थे। पहले ही प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल कर गांव सहित पूरे जनपद का का नाम रोशन किया है।

# आधी रात में घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़ विरोध करने पर मारपीट

वेलकम इंडिया

तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है।
-रितेश कुमार थाना प्रभारी नरसेना

**.बुलंदशहर .** थाना नरसेना क्षेत्र के गांव में दबंगों के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि रात को घर में घुसकर महिलाओं के साथ पहले तो की छेड़छाड़ विरोध करने पर दबंगों ने की मारपीट बीती रात थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की विरोध करने पर मारपीट भी की थाना क्षेत्र में महिला अपने परिवार के साथ सो रही थी तभी गांव के कुछ युवक आधी रात घर में घुस गए और महिला के साथ छेड़छाड करने लगे महिला ने विरोध किया तो मारपीट करने लगे पीड़ित ने बताया कि बाइक से आए और दरवाजा खुलवाकर घर के अंदर घुस गए। घर के अंदर सो रही मेरी पत्नी सुदा के साथ बदसलूकी करते हुए। जिसका विरोध करने पर मारपीट करने पर उतारू हो गए। काफी देर तक घर से बाहर जाने के लिए कहने के बाद भी नहीं माने और मारपीट करने लगे। मारपीट करने के साथ-साथ घर में रखा घरेलू सामान भी तोड़कर नष्ट कर दिया। चीख पुकार की आबाज सुनकर गांव के कई लोग मौके पर पहुंचे।

# धार्मिक स्थल और स्कूलों के पास से शराब की दुकानों को हटवाने की क्षेत्रवासियों ने की डीएम से मांग

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के साथ सीबीगंज क्षेत्र के लोगों ने शराब की दुकानों को स्कूल कॉलेज और धार्मिक स्थल के पास से हटाने की मांग की है। थाना बारादरी क्षेत्र के लक्ष्मी नगर कॉलोनी में शराब की दुकान खुलने से स्थानीय निवासियों में गुस्सा भड़क उठा है। इसको लेकर कॉलोनी वासियों ने नियमों का उल्लंघन करार देते हुए दुकान को तत्काल दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग उठाई है। इस मुद्दे पर लक्ष्मी नगर विकास समिति ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें धार्मिक स्थलों और शिक्षण संस्थानों के पास दुकान खोले जाने को गलत ठहराया गया है। लोगों का कहना है कि यह दुकान कॉलोनी के माहौल को खराब करेगी और बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। लक्ष्मी नगर कॉलोनी एक आवासीय क्षेत्र है, जिसमें लगभग 165 मकान हैं। इस कॉलोनी के आसपास 50 से 100 मीटर की दूरी पर सैक्रेट हार्ट स्कूल और तीन मंदिर मौजूद हैं। एक अप्रैल 2025 को सुबह करीब 11 बजे कॉलोनी के सामने आम के बाग के पास खाली दुकानों में अंग्रेजी शराब की दुकान का बोर्ड नजर आया। बोर्ड पर ह्लकम्पोजिट दुकान (संजय नगर नं. 40350)ह्व लिखा था, जिसका लाइसेंसधारी पीयुष जायसवाल और आबंटन संख्या 23/उर अंकित थी। दुकान खुलने की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासियों और नारी शक्ति ने इसका कड़ा विरोध शुरू कर दिया। लोगों ने दुकानदार से लाइसेंस दिखाने को कहा और सवाल उठाया कि स्कूल और मंदिरों के इतने करीब यह दुकान कैसे खोली जा सकती है। दुकानदार के पास कोई ठोस जवाब नहीं था, जिसके बाद विरोध और बढ़ गया। निवासियों का तर्क है कि नियमों के मुताबिक शराब की दुकान किसी धार्मिक स्थल या शिक्षण संस्थान के नजदीक नहीं खोली जानी चाहिए। इस दुकान के चलते स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों की मानसिक स्थिति प्रभावित होगी। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा।

# एत्मादपुर क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड से मचा हड़कंप, प्रेम प्रसंग के चलते देवर ने भाभी की बहन की ली जान



वेलकम इंडिया

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

एत्मादपुर (आगरा) जिले के थाना एत्मादपुर क्षेत्र के गांव रहनकला से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां प्रेम प्रसंग के चलते देवर ने भाभी की बहन को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं फिर युवक ने खुद को गोली मारकर कर ली आत्महत्या। आपको बता दें कि युवक ने भाई की ससुराल में पहुंचकर दिया बड़ी घटना को अंजाम। इस दोहरे हत्याकांड से गांव में मातम छा गया है। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि बुधवार की सुबह करीब 11 बजे युवक दीपक अपने भाई अभिषेक की ससुराल रहनकला पहुंचा और भाई की साली ज्योति की तलाश करने लगा। ज्योति के घर वालों से दीपक ने पूछा कि ज्योति कहां है। फिर भाई की सासू मां ने दीपक से नाश्ते की पूछा लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। और ज्योति की तलाश करने लगा। इतनी देर में साली ज्योति अपने घर आ गई, और दीपक ने उसको जबरदस्ती खींच कर एक कमरे में बंद कर दिया। तत्काल उसी समय युवक दीपक ने उसके कनपटी पर गोली मार दी। उसी समय युवक दीपक ने भी खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि मृतक ज्योति की बहन भारती की शादी बीते पांच वर्ष पहले जनपद फिरोजाबाद के थाना सिंघी के गांव बजेरा में अभिषेक के साथ हुई थी। बताया गया है कि शादी के कुछ समय बाद भाभी भारती की बहन ज्योति को दीपक से प्रेम प्रसंग हो गया। प्रेम प्रसंग में दरारें आने से दीपक ने इस घटना को अंजाम दिया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग के लिए 6 मई तक करें आवेदन

**बिजनौर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जनपद में सिविल सेवा परीक्षा, पी०सी०एस० परीक्षा, जे०ई०ई०, नीट, एवं एन०डी०ए०/सी०डी०एस० तथा अन्य एक दिवसीय परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क करायी जाती है। इच्छुक छात्र/छात्राएं आगामी 06 मई तक अपना आवेदन/पंजीकरण कर सकते हैं।

कोचिंग का संचालन राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, निकट रोडवेज बस स्टेण्ड बिजनौर तथा दुष्यन्त कुमार पुस्तकालय, शक्ति चौक बिजनौर में नवीन सत्र आगामी 01 जुलाई से प्रारम्भ किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, निकट रोडवेज बस स्टेण्ड बिजनौर में आगामी 06 मई तक फोटो, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति लेकर आवेदन कर सकते हैं। कोचिंग में पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

# आलमपुर जाफराबाद में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** विकास क्षेत्र आलमपुर जाफराबाद में प्राथमिक शिक्षक संघ एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के तत्वाधान में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी और सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश कुमार वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी आलमपुर, अध्यक्षता. एवं विशिष्ट अतिथि मुकेश सिंह चौहान जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली की उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में वर्ष के सेवानिवृत्त विगत कई वर्ष से ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव, अमिता टंडन, आसमां परवीन को शाल उढ़ाकर और विभिन्न उपहार सहित सम्मानित कर विदाई दी गयी। ब्लॉक के तमाम अध्यापकों द्वारा भी सभी को उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संगठन द्वारा रिक्त ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर अमित कुमार सिंह एवं ब्लॉक मंत्री पद पर अरुण कुमार पांडेय को मनोनीत किया गया। सभी शिक्षकों द्वारा हर्ष व्यक्त कर माल्यार्पण कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। जिस पर नवीन अध्यक्ष मंत्री द्वारा उपस्थित सभी का आभार धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी आलमपुर मुकेश कमल भारती, शिव स्वरूप शर्मा जिलामंत्री, धर्मेंद्र कुमार सिंह, रामदास गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, महेश पंत, करुणाकर वर्मा, भगवान शरण, राम कुमार, राजेश मिश्रा, राजेश कुमार शर्मा, सुनील शर्मा, अरविन्द्र गुर्जर, राकेश कुमार, सचिन शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, आर्येन्द्र सिंह, तेजपाल सिंह, विजय कुमार सिंहअध्यक्ष क्यारा, रोहित सिंह मंडल मीडिया प्रभारी, संजय शर्मा क्यारा मंत्री, सचिन मुरारी शर्मा अध्यक्ष मीरगंज, के0के0 शर्मा, प्रकाश गुपता, संजीव सिंह, अमित कुमार, ज्ञान स्वरूप, प्रमोद कुमार, अतर सिंह, विकल्प सक्सेना, सारिका सक्सेना, किरण राणा, रजेश्वरी मौर्य, महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष सुमन माथुर, सोनम गुप्ता, सुमन सागर, नीरज सागर, अरविन्द चौहान, आशीष शर्मा, बृजेश दीक्षित, सुरेश चंद्र, जयगोपाल, हेमेंद्र कुमार, हेमंत कुमार, नितिन बिहारी, शरद दीक्षित, माधुरी शर्मा , रुचि मिश्रा, धीरज उपाध्याय, अंकित राज, अंशुल शर्मा, चंद्रपाल सिंह, राघव उपाध्याय, वेद प्रकाश, आफताब आलम, अमरीश सिंह, नरेश एवम बहुत भारी संख्या में ब्लॉक के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन नितिन सेठी द्वारा किआ गया।

# जल्द गन्ना भुगतान नहीं किया गया तो बडे स्तर पर आंदोलन किया जाएगा: राकेश टिकैत

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने चेतावनी दी कि यदि जल्द गन्ना भुगतान नहीं किया गया तो बडे स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। राकेश टिकैत बुधवार को कस्बा पतला में आयोजित किसान पंचायत में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार एक पालिशी लेकर आ रही है कि दूध बाहर से आएगा। यदि दूध बाहर से आएगा तो देश के किसान की हालत बद से बदतर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी शुगर सहित कई मिलों पर किसानों का करोडो का बकाया गन्ना भुगतान है। यदि इन मिलों ने जल्द भुगतान नहीं किया तो बडे. स्तर पर भाकियू कार्यकर्ता आंदोलन करेंगे। किसान पंचायत में शामिल होने से पहले राकेश टिकैत ने बाबा गंगाराम स्वामी की समाधि स्थल पर पूजा अर्चना की। उन्होने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान ही समाधि पर मथा टेकने की बात कही थी, जो आज पूरी हो गई। इससे पूर्व राकेश टिकैत का मोदीनगर राज चौपले पर पप्पी नेहरा व कस्बा निवाड़ी बस स्टैण्ड पर भाकियू जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र त्यागी, बबलू अमराला और उमेश सिंघल कलाकंद वाले के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, कुलदीप त्यागी, शुभम त्यागी, शशांक त्यागी, अंश चौधरी, निशांत, रामअवतार त्यागी, पप्पी नेहरा, उमेश सिंघल, बबलू अमराला, तरुण सिंघल, राजू सिंघल, नीरज अमराला, विक्रम सैनी, संजय सैनी, रविन्द्र फौजी, विपिन सैनी, नेपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# चौधरी राकेश टीकैत का भव्य स्वागत किया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** चौधरी पवन कुमार लालाराम बापू नगर अध्यक्ष मोदीनगर भारतीय किसान यूनियन टीकैत के निवास स्थान पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टीकैत का भव्य स्वागत किया गया।जिसमें पत्रकारों से चौधरी राकेश टीकैत ने किसानों के बारे में वार्ता की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सचिव ओमपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार दुहाई, जयकुमार मलिक, सुनील मलिक, विनोद मनोटा, कृष्णपाल चैंपियन, अरुण त्यागी छाया पब्लिक स्कूल राजू प्रधान गदाना, मनोज प्रधान कजामपुर, राजवीर सिंह बकरबा, विनोद गुप्ता आकाश गुप्ता मनीष बिसोखर, सुधीर त्यागी, विजय चौधरी, अजीत भोजपुर तहसील अध्यक्ष, उपेन्दर सागवान ब्लॉक अध्यक्ष,चौधरी रजत अग्रवाल मौजूद रहे।

## एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में होगा राष्ट्रीय यूएचवी वॉलंटियर्स सम्मेलन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, मोदीनगर, गाजियाबाद में 3 से 5 अप्रैल 2025 तक राष्ट्रीय यूएचवी वॉलंटियर्स सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर टीजी सीताराम, माननीय अध्यक्ष एआईसीटीई, भारत सरकार होंगे। यूएचवी फाउंडेशन और एआईसीटीई द्वारा समर्थित इस आयोजन में देशभर से 100 प्रमुख वॉलंटियर्स और उनके परिवार शामिल होंगे।इस सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षा में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज (वलश) को सुदृढ़ करना और स्वयंसेवकों की भूमिका को प्रभावशाली बनाना है। इसमें मुख्य सत्र, विचार-विमर्श, केस स्टडी प्रस्तुतियां और टीम निर्माण गतिविधियां शामिल होंगी। वॉलंटियर्स अपने अनुभव साझा करेंगे, उपलब्धियों की समीक्षा करेंगे और भविष्य की परियोजनाओं पर काम करेंगे।यह सम्मेलन यूएचवी को मुख्यधारा की शिक्षा में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी, जो स्वयंसेवकों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित और सक्षम बनाएगी। डॉ.एस.विश्वनाथन, निदेशक, एस.आर.एम.आई.एस.टी, डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन,डॉ. नवीन अहलावत, डीन विज्ञान एवं मानविकी,डॉ. धौम्या भट्ट, डीन आईक्यूएसी के मार्गदर्शन से यू एच वी स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक डॉ पल्लवी जैन, डॉ महेश गुप्ता और यू एच वी सेल सदस्य दुआरा एक सफल कार्यक्रम किया जा रहा है।

## मोदी कॉलेज में सरस्वती पूजन के साथ नया सत्र प्रारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में सभी शिक्षकों और छात्रों ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्र प्रारंभ हुआ।सभी कक्षाओं में नए सत्र का अध्यापन कार्य प्रारंभ हो गया प्रधानाचार्य ने बताया कि पहले दिन कक्षाओं में छात्रों की अपेक्षाकृत उपस्थिति कुछ कम रही। उन्होंने बताया कि छात्रों को नियमित विद्यालय आने और अनुशासन में रहने के लिए निर्देशित किया गया है। किसी भी संस्था की प्रगति के लिए उसमें अनुशासन का होना अति महत्वपूर्ण है जो छात्र नियमित विद्यालय नहीं आएंगे उनका बोर्ड पंजीकरण उनको एक नोटिस देते हुए निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र और उनके अभिभावकों की होगी। प्रबंध समिति के निर्देशन में विद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब की स्थापना अति शीघ्र की जा रही है जिसमें शहर के छात्र नगण्य फीस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का लाभ उठा सकेंगे साथ ही साथ प्रबंध समिति के निर्देशन में विद्यालय की लगभग आधी कक्षाओं में स्मार्ट पैनल लगा दिए गए हैं। जिससे विद्यालय के छात्र स्मार्ट कक्षाओं से पढ़ाई कर सकेंगे और सभी छात्र टेक्नोलॉजी से अपडेट रहें, ऐसा प्रयास विद्यालय प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने कक्षा में पूरी मेहनत लगन और समर्पण भाव से शिक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया है। प्रधानाचार्य डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय प्रशासन की योजना है कि ग्रीष्मावकाश के प्रारंभ होने से पूर्व प्रत्येक कक्षा में उनका आधा पाठ्यक्रम अवश्य हो जाए ताकि वह ग्रीष्म अवकाश की छुट्टियों में उसका रिवीजन कर सकें और आगे के समय में पूरा पाठ्यक्रम पूर्ण करके उसका रिवीजन और पिछले कक्षाओं के बोर्ड के पेपर का हल करवा सकें ताकि विद्यालय के छात्र जिले में नहीं प्रदेश में प्रदेश की मेरिट में स्थान बना सकें। ऐसा प्रयास विद्यालय प्रशासन द्वारा किया जा रहा है विद्यालय के प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक वर्ग के छात्रों को चार सदनों में विभाजित कर छात्रों के द्वारा ही पाठ्य सहगामी क्रियाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास और आत्मविश्वास पैदा हो वह अपने लक्ष्य को बहुत सुगमता से प्राप्त कर सकें।

## मुस्कान ने सौरभ को क्यों मारा तंत्र-मंत्र नहीं सामने आई असली वजह पुलिस ने अपनी चार्जसीट में किया खुलासा



वेलकम इंडिया

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**

**उत्तर** प्रदेश के मेरठ में सौरभ हत्याकांड की असली वजह सामने आ गई है सौरभ हत्याकांड में पुलिस ने चार्ज शीट लगभग तैयार कर ली है मुस्कान और साहिल ने आखिर सौरभ को क्यों मारा वजह तंत्र मंत्र नहीं इसकी असली वजह सामने आ गई है पुलिस की छानबीन और केस डायरी की लिखा पड़ी में यह बात साफ हो गई है की मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर सौरभ की हत्या की थी पर्याप्त साक्ष्य पुलिस के पास मौजूद हैं और पुलिस जल्द ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल करेगी केस डायरी में पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है की हत्या के पीछे तांत्रिक क्रिया जैसा कोई कारण नहीं है सिर्फ प्रेम प्रसंग के चलते साहिल और मुस्कान ने सौरभ की हत्या की थी साहिल और मुस्कान दोनों नशे के आदी थे और दोनों साथ रहना चाहते थे सौरभ के रहते दोनों शादी नहीं कर सकते थे इसलिए सौरभ की हत्या की गई पुलिस आरोप पत्र में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य घटनास्थल से मिले साक्ष्य और पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर के बयान दर्ज कर चुकी है मोबाइल लाश खून से सनी कपड़े बैग सूटकेस और खून से सनी चादर फॉरेंसिक लैब में भेजे जा चुके हैं पुलिस ने विवेचना के दौरान दिखाया है की मुस्कान और साहिल शादी करना चाहते थे इसलिए सौरभ की हत्या की, पुलिस जांच में तांत्रिक क्रिया जैसा कोई मामला सामने नहीं आया है पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि हत्याकांड में साहिल और मुस्कान के अलावा कोई तीसरा शामिल नहीं था केस डायरी में पुलिस ने बताया कि मुस्कान चाकू ड्रम और बेहोश करने की दवाइयां लेकर आई थी जबकि साहिल सीमेंट लेकर आया था ड्रम में सब को सील करने का आईडिया साहिल का था आपको बता दें कि सौरभ की लाश 18 मार्च को ब्रह्मपुरी के इंदिरा नगर स्थित आवास से बरामद की गई थी लाश को ड्रम में डालकर सीमेंट के घोल में जमा दिया गया था पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया बाद में मकान को सील कर दिया गया था।

## भाजपा-संघ की समन्वय बैठक में शामिल हुए सीएम योगी

गाजियाबाद में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दौरे पर है। जहां उन्होंने संघ और भाजपा की समन्वय बैठक में भाग लिया। आरएसएस के शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए बैठक हुई है। पश्चिम क्षेत्र की समन्वय बैठक हुई है। विजय दशमी से एक साल तक आरएसएस शताब्दी वर्ष मनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी बैठक में शामिल हुए थे। बैठक से पहले ही सड़क पर जाम लग गया। डायमंड फ्लाइओवर से कविनगर आने वाली रोड पर भयंकर जाम लग गया। मुख्यमंत्री के आने की सूचना के बाद से एक घंटे से ज्यादा समय से सड़क पर कई वाहन फंसे रहे।

## कप्तान साहब बचा लो पत्नी के जीजा के भतीजे से अवैध संबंधों का विरोध करने पर मेरठ सौरभ हत्याकांड जैसा हास्य करने की दे रही धमकी

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



हापुड़/हापुड़ से एक पति के द्वारा पत्नी पर उसके जीजा के भतीजे से अवैध संबंध होने का आरोप लगाते हुए एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह का दरवाजा खटखटाने के साथ अपनी और अपने तीन बच्चों की सुरक्षा को लेकर गुहार लगाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें एसपी कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह के द्वारा पीड़ित पति और तीन बच्चों की सुरक्षा करने का आश्वासन दिया गया।बता दे कि पीड़ित मनोज अपनी पत्नी अंजू और तीन बच्चों के साथ हापुड़ में रहता है। जिसके चलते उसने पत्नी अंजू पर उसके जीजा के भतीजे सोनू से अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। और विरोध करने पर पत्नी अंजू उसको मेरठ के सौरभ हत्याकांड जैसा हास्य करने की धमकी दें रही है। जिसको लेकर डरे सहमे पीड़ित मनोज ने एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह को शिकायती पत्र देकर अपनी और अपने तीन बच्चों की जान माल को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। वहीं एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने बच्चों और उसकी सुरक्षा को लेकर आश्वासन दिया है कि पत्नी अंजू को बुलाकर काउंसलिंग कराई जाएगी। चूंकि इस तरह के मामले गंभीर होते हैं। और अवैध संबंधों से उत्पन्न होने वाली हिंसा का खतरा बढ़ जाता है। जिसको लेकर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## बगैर मानक के किसी भी ऑटो ई रिक्शा का नहीं होगा संचलन बगैर रजिस्ट्रेशन संचालित ई रिक्शा पर सीज करने की होगी

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़**/उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के द्वारा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए। यातायात पुलिस एवं परिवहन आयुक्त सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए हैं कि बगैर रजिस्ट्रेशन पॉल्यूशन इंश्योरेंस फिटनेस इत्यादि मानक पूरा नहीं करने वाले ऑटो एवं ई-रिक्शाओं का संचालन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिसको लेकर यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की कुंभकरण की नींद टूट चुकी है।और नींद से आंखें खोलकर सड़क पर उतर आया है। जिसको लेकर यातायात पुलिस के टीआई छविराम एवं एआरटीओ रमेश चौबे के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले आटो एवं ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए 20 ऑटो और 30 ई रिक्शाओं पर सीज करने की कार्यवाही करते हुए चेतावनी दी गई है कि किसी भी ई-रिक्शा को बगैर रजिस्ट्रेशन एवं आटो को पॉल्यूशन इंश्योरेंस फिटनेस के संचालन नहीं होने दिया जाएगा। मानक पूरा करने वाले ही ऑटो और आई-रिक्शाओं का संचालन होगा।

## क्रिएथॉन 2025: भारत के नवाचार और उद्यमिता का नया अध्याय

वेलकम इंडिया




**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार मेरठ।** भारत में नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एक अभूतपूर्व पहल के तहत, एमआईईटी, एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम मेरठ, इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा और एकेटीयू इनोवेशन हब मिलकर भारत शिक्षा एक्सपो 2025 (सीजन 2) के दौरान 24 से 26 अप्रैल 2025 तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में क्रिएथॉन का आयोजन करने जा रहे हैं। यह भव्य आयोजन भारत की बढ़ती नवाचार भावना का प्रतीक है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविकसित भारत 2047ह्व के दृष्टिकोण और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ह्यउत्तम प्रदेशह्व बनाने के संकल्प के अनुरूप है। उस देश में जहां करियर विकल्प पारंपरिक रूप से एमबीबीएस, बी.टेक और सीए तक सीमित रहे हैं, क्रिएथॉन पारंपरिक सोच को बदलने का प्रयास करता है और छात्रों को उद्यमिता को एक सशक्त और व्यवहार्य करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करता है। उत्तर प्रदेश सरकार, स्टार्टइनयूपी एमएसएमई, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, नीति आयोग, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी स्टार्टअप हब और एचपी, वोल्ट पोस्ट, एडब्ल्यूएस अकादमी, दिल्ली एंजल्स डेन, टाई दिल्ली एनसीआर और टाई फाउंडर्स क्लब जैसे अग्रणी संगठनों के समर्थन से यह आयोजन भारत में नवाचार और उद्यम के परिदृश्य को नया रूप देने के लिए तैयार है। एक्सपो में आइडियाथॉन, कोडथॉन, हैकाथॉन और स्टार्टथॉन जैसे रोमांचक कार्यक्रमों के साथ-साथ डिजाइन थिंकिंग, रोबोटिक्स, 3डी प्रोटोटाइपिंग और प्रकृति से प्रेरित नवाचार पर कौशल-आधारित कार्यशालाएं होंगी।

## नव गठित कार्यकारणी समिति के विरोध में मीडिया सेंटर में पत्रकारों ने बुलाई आपात बैठक

वेलकम इंडिया



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार मेरठ।** बुधवार को मीडिया सेंटर/प्रेस क्लब में पत्रकारों की आवश्यक/आपात बैठक बुलाई गई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रेस क्लब द्वारा नव गठित कार्यवाहक समिति को लेकर विरोध व आगे की रणनीति तैयार करना रहा। बैठक की अध्यक्षता लियाकत मंसूरी व राजू शर्मा ने संचालन किया। आरोप है प्रैस क्लब की सदस्यता व चुनाव बिना कार्यवाहक समिति का गठन बंद कमरे में किया गया इससे नाराज पत्रकारो में रोष व्याप्त है वहीं आज मीडिया सेंटर में दर्जनों पत्रकारों ने प्रेस क्लब में बैठक की। बैठक में चर्चा के दौरान मुख्य मुद्दा प्रैस क्लब नवगठित कार्यकारिणी गठन प्रक्रिया को लेकर पत्रकारों ने कहा पूर्व में इसकी सूचना सार्वजनिक नहीं की गई अतुल माहेश्वरी संजीव शर्मा मुकेश गुप्ता गौरव चौधरी व अन्य पत्रकार साथियों ने कहा प्रैस संविधान व सदस्यता पर पुर्ण निर्णय होली के बाद लिया जाना तय किया गया था। लेकिन गत बैठक में पच्चीस सदस्यों की कार्यकारिणी अचानक से घोषित की गई जिसमें बारह पत्रकार पदाधिकारियों के नाम का उल्लेख किया गया जिसमें छः ऐसे नाम जोड़े गए जो कभी बैठक में नहीं आए, पुछे जाने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने कहा आज भी जब नाराज पत्रकार प्रेस क्लब सभागार में पहुंचे तो नव कार्यकारणी समिति के पदाधिकारी बहार एक कौन में बैठकर चाय कोल्डड्रिंक पीते रहे और सभागार की कुर्सी तक उठा कर बाहर ले गए।

# गेमिंग ऐप को हैक कर 1.01 करोड़ की साइबर ठगी, पुलिस ने तीन शातिरों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने रियल 11 गेमिंग ऐप के पेमेंट गेटवे को हैक कर 1.01 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चेकबुक, पासबुक, एटीएम और मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जबकि 25 लाख रुपये फ्रीज कराए गए हैं। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया गाजियाबाद निवासी अमित यादव के साथ उनकी कंपनी के रियल गेमिंग मोबाइल ऐप में धोखाधड़ी की गई थी। साइबर क्लब के सदस्यों ने ऐप पर अपनी यूजर आईडी/वॉलेट बनाकर कुछ पैसे जमा किए और फिर गेमिंग ऐप के पेमेंट गेटवे को हैक कर अपनी जमा राशि से अधिक धनराशि वॉलेट में दिखाकर रिफंड के रूप में निकाल ली। इस तरह 17 से 18 नवंबर 2024 के बीच, आरोपियों ने 1 करोड़ 1 लाख 14 हजार 95 रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिए। इस घटना की एफआईआर 27 नवंबर 2024 को थाना साइबर क्राइम में दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान साइबर अपराध को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान देशराज पुत्र पाटनदीन, अभिषेक कुमार पुत्र मायाराम और आकाश पुत्र देशराज के रूप में हुई, जो सभी बाराबंकी, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन्हें सिटी जोन के विजय नगर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में मुख्य आरोपी देशराज ने बताया कि उसका बेटा रजनीश तमिलनाडु में रहकर इस साइबर ठगी को अंजाम दे रहा था, जबकि दूसरा बेटा आनंद, जो झारखंड में रहता है, अपने साथियों के साथ मिलकर गेमिंग ऐप के पेमेंट गेटवे और सॉफ्टवेयर को हैक कर लेनदेन में हेरफेर करता था। आरोपियों ने अपने गांव के लोगों के नाम से बैंक खाते खुलवाए और गेमिंग ऐप में यूजर आईडी बनाकर पहले थोड़ी रकम जमा की। इसके बाद, पेमेंट गेटवे को एपीआई के माध्यम से हैक कर, माइक्रोसेकंड्स में मल्टीपल टाइम्स कॉन्टेस्ट कैंसल कर वॉलेट में धनराशि बढ़ाकर उसे विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिया। इस तरह, 20 अलग-अलग बैंक खातों में 1.01 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। इस घटना से जुड़े अहम सबूतों में से एक सीसीटीवी फुटेज है, जिसमें देशराज के बेटे आनंद को बैंक एटीएम से पैसे निकालते हुए देखा गया। जांच में पता चला कि आनंद वर्तमान में पलामू, झारखंड की एक साइबर ठगी से जुड़ी एफआईआर में जेल में बंद है। वहीं, मुख्य साजिशकर्ता रजनीश की तलाश जारी है। पुलिस ने मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। इस साइबर अपराध ने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे साइबर अपराधियों की उन्नत तकनीकों का खुलासा हुआ है।

# गाजियाबाद का नाम रोशन करनी वाली शबा हैदर व हुमा को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अमेरिका में सीनेट का चुनाव जीतने वाली भारतीय मूल की शबा हैदर व ग्रीस में आयोजित इंटरनेशनल खेल प्रतियोगिता में भारत के लिए गोल्ड मैडल जीतने वाली हुमा का बुधवार को परमार्थ सेवा ट्रस्ट, हनुमान मंगलमय परिवार, सैल्यूट तिरंगा समेत कई अन्य संस्थाओं ने सामूहिक रूप से सम्मान समारोह आयोजित कर दोनों बेटियों को सम्मानित किया। बुधवार को आरडीसी स्थित कृष्णा सागर बैंक्वेट हाल में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान गाजियाबाद की दोनों बेटियों ने सामाजिक संस्थाओं द्वारा किए गए अभिनंदन पर आभार जताया। सतीश रावल जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किए गए अभिनंदन समारोह में शबा हैदर के पिता एवं भाई तथा हुमा की बहन और अम्मी जान को भी सम्मानित किया गया। दोनों बेटियों को माता की चुनरी, फूलों की माला भेंट की गई। शबा हैदर ने अमेरिका में सीनेट के चुनाव जीतने के बारे में विस्तार से बताया कि किस तरह उन्होंने दूसरे मूल्क में जाकर वहां की राजनीति में प्रवेश किया और पहली बार चुनाव हारने के बाद दूसरी बार मिली सफलता से वे कितना खुश हैं। उन्होंने भारत की बेटियों का आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा को पहचानें और आगे बढ़ें। आपके अंदर काबिलयत होगी तो बड़ी से बड़ी मुश्किल भी आपकी तरक्की के रास्ते में अवरोध नहीं बन सकती हैं। शबा हैदर ने कहा कि वे अमेरिका में भारतीय मूल के सभी लोगों व छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि अजनबी मुल्क में जब उन्होंने प्रवेश किया था तब उन्हें लगा था कि वे यहां कैसे अपना मुकाम हासिल कर पाएंगी लेकिन उन्होंने योग की क्लास से सफर शुरू किया और आज अमेरिका में डूपेज काउंटी बोर्ड के चुनाव में शानदार तरीके से जीत दर्ज करने के बाद आपके बीच हैं। हुमा यूपी पुलिस में कांस्टेबल हैं और अब इंटरनेशनल गेम में गोल्ड मैडल हासिल करने के बाद उन्हें एसआई के पद पर प्रमोट किया जाना है। दोनों बेटियां गाजियाबाद के संजयनगर सेक्टर 23 की ही रहने वाली हैं।

# मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली के डॉक्टरों ने 24 वर्षीय युवक को दी नई जिंदगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली के डॉक्टरों ने अपनी तत्परता और विशेषज्ञता से एक 24 वर्षीय युवक की जान बचाकर उसे नई जिंदगी दी। आधी रात को युवक की बहन उसे लेकर अस्पताल पहुंची, जब अचानक उसके सीने में तेज दर्द उठा और हृदय संबंधी समस्या के संकेत मिले। युवक के परिवार में पहले से ही कोरोनरी आर्टरी डिजीज का इतिहास था, और उसके पिता की भी इसी बीमारी के कारण कम उम्र में मृत्यु हो गई थी। जेनेटिक कारणों से उसे भी दिल के दौरे का गंभीर खतरा था, लेकिन समय पर मिले इलाज ने उसकी जान बचा ली। मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली की कार्डियक टीम ने इस आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई की और 'गोल्डन आवरज के भीतर एंजियोप्लास्टी कर युवक की जान बचाई। 'गोल्डन आवरज वह पहला घंटा होता है, जब दिल के दौरे के लक्षण सामने आने पर तुरंत चिकित्सा सहायता मिलने से मरीज के बचने की संभावना अधिक होती है और गंभीर जटिलताओं को टाला जा सकता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी - इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर और कॉर्डिनेटर डॉ. अमित मलिक ने बताया कि युवाओं में हृदय रोग तेजी से बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण अस्वस्थ जीवनशैली, अत्यधिक तनाव और अनुचित फिटनेस दिनचर्या है।

# शाली सेक्टर-1 के माधव पार्क में सबमर्सिबल लगाने का कार्य शुरू, पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयास लाए रंग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित प्लॉट नंबर 28 के सामने माधव पार्क में सबमर्सिबल पंप लगाने का कार्य क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों से शुरू हो गया है। जल संकट को दूर करने के लिए यह पहल स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। बुधवार को इस कार्य का शुभारंभ समाजसेवी के.एल. शर्मा ने नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर पार्क की देखरेख करने वाले मुख्य कार्यकर्ता आर.के. पांडे (जज) ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए पार्षद कुसुम मनोज गोयल का आभार व्यक्त किया। पार्षद ने इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों का माला पहनाकर स्वागत किया और क्षेत्र के विकास के लिए अपने निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश कटियार, एसके उपाध्यक्ष संजय सिंह, शिव शंकर उपाध्याय, सुरेंद्र शर्मा, यशपाल जग्गी, विजय शर्मा, भूपेंद्र, अनुसूया प्रसाद, विजय मलिक, वीरेंद्र चौधरी, मोहन दास, पंकज, नंदकिशोर शर्मा, पूरन गुगलानी सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इस पहल से स्थानीय निवासियों को स्वच्छ और निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। पार्षद द्वारा कराए जा रहे इस विकास कार्य की क्षेत्र में सराहना की जा रही है और इसे आम जनता की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# फ्लैट मालिक की मौत के बाद बेचा फ्लैट, परिजनों ने कराया मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 में एक फ्लैट मालिक की मृत्यु के बाद बिल्डर के कर्मचारियों ने मिलकर किसी अन्य व्यक्ति को फर्जी दस्तावेज तैयार कर फ्लैट बेच दिया। जब मृतक के परिजनों को इस धोखाधड़ी की जानकारी मिली, तो उन्होंने इसका विरोध किया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

मेरठ के रहने वाले देव गौरव ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत में बताया कि उनके बहनोई वीरपाल सिंह का 27 अक्टूबर 2022 को निधन हो गया था। वर्ष 2011-12 में उन्होंने एल-2-605, क्लाउड-9, वैशाली, गाजियाबाद में एक फ्लैट खरीदा था, जिसकी पूरी कीमत बिल्डर कंपनी को चुका दी गई थी। लेकिन कंपनी डिफॉल्टर घोषित हो जाने के कारण फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पाई थी। बिल्डर कंपनी पर एनसीएलटी की कार्रवाई चल रही थी और 2 सितंबर 2023 और 7 अक्टूबर 2023 को मृतक की पत्नी को नोटिस मिला कि 1,78,420 रुपये बकाया जमा कराकर रजिस्ट्री करा लें। परिवार ने जब इस दिशा में कदम बढ़ाया, तो पता चला कि फ्लैट को पहले ही किसी और के नाम पर बेच दिया गया है। 5 दिसंबर 2023 को जब देव गौरव फ्लैट की रजिस्ट्री कराने के लिए क्लाउड 9 के कार्यालय पहुंचे, तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि फ्लैट का हाल ही में बैनामा हो चुका है। जब उन्होंने इस पर सवाल उठाए, तो कर्मचारियों ने कोई जानकारी देने से मना कर दिया। शिकायत के अनुसार, क्लाउड 9 कंपनी के कर्मचारी मोहित त्यागी, अरविंद और ज्ञानेन्द्र ने मिलकर शालिनी पत्नी अरविंद के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री करा दी।

# कौशांबी पुलिस ने मुठभेड में एक बदमाश को किया लंगड़ा, दो गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन जोन में थाना कौशाम्बी पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान हत्या के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को पैर में गोली लगी है। बदमाशों के पास से एक तमंचा और घटना में इस्तेमाल कार मिला ली।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार तड़के थाना कौशाम्बी पुलिस टीम आपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत 2/5 पुलिया थाना क्षेत्र कौशाम्बी पर सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक कार आती हुई दिखाई दी । जिसे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया । जिसमें बैठे दो लोग पुलिस टीम को चेकिंग करते हुए देख कार को तेजी से भगाने लगे। जिससे कार आगे चलकर टकरा गई और दोनों लोगों ने बाहर निकल कर पुलिस टीम को अपने पास आता देख जान से मारने की नीयत से फायर झौंक दिया और भागने लगे । पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया गया। दूसरे बदमाश को भी पुलिस टीम द्वारा मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। एसीपी के मुताबिक पकड़े गए दोनों बदमाशों ने अपना नाम जीशान और आले नवी बताया। अन्य पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों द्वारा थाना कौशाम्बी क्षेत्र में हुई हत्या में संलिप्तता को स्वीकार किया गया है। जीशान अंसारी पुत्र मुस्लिम अंसारी कविता पैलेस आजाद विहार कॉलोनी थाना खोड़ा गाजियाबाद का रहने वाला है जबकि दूसरा आले नवी पुत्र कमरुद्दीन निवासी ग्राम अनूपपुर डिबाई थाना सिंघावली जनपद हापुड़ है। दोनों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल कार और तमंचा मिला है।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मोदीनगर तहसील के थाना निवाड़ी क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को अगवा करके कब्रिस्तान में दुष्कर्म करने के मामले के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस केस का दूसरा आरोपी पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। बीती 24 मार्च को थाना निवाडी पर एक शख्स ने तहरीर दी थी कि गांव की एक लडकी ने उसकी नाबालिग बेटी की दोस्ती इसराइल और अशरफ नाम के दो युवकों से सोशल मीडिया के जरिये कराई थी। दोनों युवक उसकी लडकी से फोन पर बात करते थे । 24 मार्च को इसराइल ने फोन करके लड़ी को बुलाया और बुलेट मोटरसाइकिल पर बैठाकर पास के एक कब्रिस्तान के पास खेत में ले जाकर इसराइल ने जबरदस्ती मेरी पुत्री के साथ गलत काम किया। तहरीर के आधार पर थाना निवाडी पर धारा पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। केस में अभियुक्त इमरान पुत्र असलम निवासी ग्राम कांवरा थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर का नाम प्रकाश में आया था।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल के सभागार में भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की प्रतिभा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस खास मौके पर सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (एसडीजीआई) की वास्तुकला विभाग की निदेशक प्रोफेसर अंजलि क्वात्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी मासूमियत और हुनर से ऐसा समा बांधा कि हर कोई उनकी प्रस्तुतियों का कायल हो गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता पाठ और भाषण के जरिए दर्शकों को भावविभोर कर दिया। दीक्षांत समारोह की परंपरागत पोशाक में जब बच्चों ने मंच पर प्रमाण पत्र और रिपोर्ट कार्ड प्राप्त किए, तो अभिभावकों के चेहरे गर्व और खुशी से खिल उठे। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अंजलि क्वात्रा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया और स्कूल प्रबंधन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही एक सफल शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है और सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना अहलावत ने भी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह समारोह बच्चों के जीवन का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो उन्हें आगे बढे और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करेगा।

# त्रिपुर सुंदरी देवी मंदिर में शतचंडी महायज्ञ, श्रद्धालुओं ने की आहुतियां

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्री त्रिपुर सुंदरी बाला चतुर्भुर्जी देवी मंदिर में चल रहे शतचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कीं। चैत्र नवरात्रि के पांचवें दिन मां श्री स्कंदमाता की पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ, जिसमें महंत गिरिशानंद गिरि महाराज के सानिध्य में विद्वान आचार्यों ने मंत्रोच्चारण कर देवी का आह्वान किया। बुधवार सुबह मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की आराधना की। महंत गिरिशानंद गिरि महाराज और भक्तों ने मां को भोग अर्पित किया और उनका विशेष श्रृंगार कर धूप और दीप आरती की। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु, महिलाएं, पुरुष और बच्चे आरती में शामिल हुए और मां के चरणों में चुनरी और प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में शक्ति की विशेष उपासना शुरू की गई, जिसमें 11 विद्वान आचार्यों द्वारा शतचंडी पाठ का आयोजन किया गया। मान्यता है कि मां स्कंदमाता की पूजा करने से सुख, समृद्धि और संतान संबंधी कष्टों से मुक्ति मिलती है।



# मेवाड़ एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर समाप्त

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष कैंप का समापन सफलतापूर्वक हो गया। इस दौरान पोस्टर रैली, कानूनी सहायता शिविर, चिकित्सा शिविर और योग शिविर के अलावा विचार संगोष्ठियों का आयोजन हुआ। इसमें साहिबाबाद गांव के ग्रामीणों और विद्यार्थियों को निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयां दी गईं। योगिक क्रियाओं एवं कानूनी परामर्श देकर उनका दिशा निर्देशन किया गया। मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट के विभागाध्यक्ष शिव शंकर मौर्य, प्रियांशु और डॉ. हेमंत ने कानूनी जानकारियां दीं। चिकित्सा शिविर में डिवाइन फिजियोथैरेपी एवं वेलनेस क्लीनिक के डॉ. विकास वर्मा ने उचित चिकित्सा परामर्श दिया। इस दौरान ग्रामीणों को मुफ्त दवाइयां दी गईं। जबकि योग शिविर में योगा ट्रेनर कृति साहनी ने आसन, प्राणायाम आदि के माध्यम से विद्यार्थियों को सेहत के प्रति जागरूक किया। अंतिम दिन इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार के संयोजन में साइबर सिक्योरिटी विषय पर आधारित विभिन्न संदेशात्मक कथन व स्लोगनों का निर्माण किया, जिसमें रितु गिरी, नीति राजपूत, ऋषिता, दीपिका दास, अंशु अर्चना, अंकिता, अनु यादव, काजल सिंह, साहिल त्यागी, दृष्टि सिंह, वर्षा, काजल त्यागी, एवं अनु यादव ने सहयोग किया। नुक्कड़ नाटक टीम ने अलग-अलग जगहों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।

